दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




जोश-जुनून से भरपूर रोमांचक खेल फुटबॉल



किताब का जादू

वर्ष : 12 | अंक : 189 | लखनऊ, 03 जुलाई, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### ईयू कोर्ट में गूगल पर 4.1 लाख करोड़ की पेनाल्टी

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ (ईयू) की सबसे बड़ी अदालत ने एंड्रॉयड से जुड़े एंटीट्रस्ट मामले में गूगल की



अपील खारिज कर दी है। इसके साथ ही कंपनी पर लगाया गया 4.1 अरब यूरो (करीब 4.10 लाख करोड़ रुपए) का रिकॉर्ड जुर्माना बरकरार रहेगा। यह मामला पिछले आठ साल से चल रहा था। यह जुर्माना पहली बार 2018 में यूरोपीय आयोग ने लगाया था। आयोग का आरोप था कि गूगल ने एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम का इस्तेमाल करके अपने सर्च और क्रोम ब्राउजर को बढ़ावा दिया और दूसरी कंपनियों के लिए कंपटीशन करना मुश्किल बना दिया।

### रूस का कीव पर हमला 20 की मौत, 90 घायल

**कीव।** रूस ने गुरुवार की सुबह यूक्रेन की राजधानी पर मिसाइलों और ड्रोन से बड़े पैमाने पर हमला



किया। इसके कारण भीषण विस्फोट हुए। कीव शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर टकाचेंको ने बताया कि हमलों में आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे बच्चों समेत बड़ी संख्या में नागरिक प्रभावित हुए और कई इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा। हमले में 20 लोगों की मौत हो गई और 90 लोग घायल हो गए। बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों तथा ड्रोन से हुए हमले ने नीप्रो नदी के दोनों किनारों पर स्थित शहर के सभी 10 जिलों को प्रभावित किया।

### थाई भिक्षुओं के समूह को कुचला, 9 की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में एक पिकअप ट्रक चला रहे 11 वर्षीय लड़के ने तीर्थयात्रा पर जा



रहे भिक्षुओं के समूह को कुचल दिया। इस दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई। मुकदहन प्रांत के कुल 35 भिक्षु तीर्थयात्रा पर निकले थे। मुकदहन के गवर्नर वोरयान बूननारत के अनुसार, पांच भिक्षुओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार भिक्षुओं ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। 13 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से तीन भिक्षुओं की हालत गंभीर है। यह समूह उबोन रत्चाथानी प्रांत तक की 260 किमी लंबी पदयात्रा पर निकला था।

## भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच में पीएम मोदी का ऐलान

# देश में लगेंगे 1000 बायोगैस प्लांट, गांवों को मिलेगा बड़ा फायदा, किसानों की बढ़ेगी आय

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम मोदी ने कहा कि भारत-जापान मिलकर सेमीकंडक्टर, फार्मा, जरूरी मिनरल्स, शिपबिल्डिंग, मोबिलिटी, स्वच्छ ऊर्जा, स्टार्टअप, एआई, क्वांटम और बायोटेक के क्षेत्र में दुनिया के लिए अगली पीढ़ी के समाधान लाएं। एयरोस्पेस और रक्षा में अभूतपूर्व सहयोग के साथ हम वैश्विक सुरक्षा में अपना योगदान मजबूत करेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जापानी की पीएम सनाए ताकाइची से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन में जापानी पीएम का भव्य स्वागत किया गया। सैनिकों की टुकड़ी ने जापानी पीएम के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर भी पेश किया। औपचारिक स्वागत के दौरान सैनिकों के दल ने संगीत की प्रस्तुति भी दी। इसके बाद एक द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों पीएम ने भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच में भाग लिया।

इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में भारत और जापान ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। उन्होंने बताया कि भारत जापान बायो गैस इनीशिएटिव के तहत भारत में एक हजार बायोगैस और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर प्लांट लगाए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस पहल से गांवों में टिकाऊ विकास को बढ़ावा मिलेगा, किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण रोजगार के नए अवसर बनेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल भारत के ग्रामीण विकास के लिए अहम साबित होगी।

### भारत की विशाल क्षमता और जापान की गुणवत्ता साथ आए

### भारत के साथ एक नए बदलाव का भी प्रस्ताव दिया जापान ने




पीएम मोदी और जापान की पीएम सनाए ताकाइची

### जापान की पूंजी और भारत की महत्वाकांक्षा करे नेतृत्व

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं आपके सामने एक दृष्टिकोण रखना चाहता हूं। मैं एक ऐसी दुनिया देखता हूं, जहां जापान की तकनीकी और भारत की मार्केट क्षमता मिलकर सेमीकंडक्टर, फार्मा और जरूरी मिनरल्स के क्षेत्र में दुनिया को एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला दें। जहां जापान की पूंजी और भारत की महत्वाकांक्षा मिलकर शिपबिल्डिंग, मोबिलिटी और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नया वैश्विक नेतृत्व तैयार करें।

### एक साल में 120 कारोबारी समझौते

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और जापान की निवेश साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में दोनों देशों के बीच करीब 120 नए बिजनेस एग्रीमेंट हुए हैं, जिनके जरिए भारत में 10 अरब डॉलर से अधिक का जापानी निवेश आएगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की विशाल क्षमता और जापान की गुणवत्ता को मिलाकर दुनिया को सस्ती, भरोसेमंद और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी दोनों देश मिलकर काम करेंगे।

### 100 साल से अधिक पुराना नाता

पीएम मोदी ने कहा कि यहां कई कंपनियों के भारत के साथ लंबे समय से संबंध रहे हैं, कुछ संबंध तो 100 साल से भी अधिक समय से। मैं इंडिया-जापान की सफलता की कहानी का हिस्सा बनने के लिए इस मंच से जुड़ने वाले नए दोस्तों का दिल से स्वागत करता हूं।



### सुजुकी खरखौदा प्लांट का किया उद्घाटन

पीएम नरेंद्र मोदी और जापान की पीएम सनाए ताकाइची ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी इंडिया के नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। गुरुग्राम, मानेसर और गुजरात के बाद खरखौदा में स्थित यह मैन्युफैक्चरिंग प्लांट भारत में मारुति सुजुकी की चौथी सबसे बड़ी फैक्ट्री है।

### क्षेत्रीय मजबूती जरूरी



जापान की पीएम सनाए ताकाइची ने कहा कि आज दुनिया में संरक्षणवाद, आर्थिक दबाव जैसी नई चुनौतियां सामने हैं। ऐसे समय में क्षेत्र को अधिक स्वायत्त और मजबूत बनाना जरूरी है।

## भारत-जापान के संबंध लगातार मजबूत हुए

# दोनों देशों ने व्यापार और निवेश को अगले स्तर पर ले जाने के लिए जताई प्रतिबद्धता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि निवेश भारत-जापान साझेदारी का अहम आधार है और इसी के जरिए दोनों देशों के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। 'द इंडो-जापान स्ट्रैटेजिक डायलॉग' में उन्होंने कहा कि भारत-जापान की साझेदारी का प्रमुख केंद्र निवेश रहा है और दोनों देश इसे अगले स्तर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

- भारत जापान को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद निर्यात कर रहा

गोयल ने कहा कि मारुति सुजुकी लगभग 40 साल पहले भारत आई और आधुनिक, किफायती तथा टेक्नोलॉजी आधारित गाड़ियां लेकर आई, जिसने भारत को ऑटोमोबाइल क्षेत्र में वैश्विक ताकत बनने की राह पर आगे बढ़ाया। उन्होंने बताया कि मई महीने में भारत में बिकी 4 लाख पैसेंजर गाड़ियों में से 1.47 लाख मारुति सुजुकी की थीं।

### बुनियादी ढांचे में जापान का बड़ा योगदान

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का पहला डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ओडिशा में जापान की साझेदारी से बनाया गया, जिससे लौह अयस्क के परिवहन को गति मिली। भारत-जापान व्यापार केवल आयात-निर्यात तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच तकनीक और निवेश का मजबूत रिश्ता भी विकसित हुआ है। हम कच्चा माल या इंटरमीडिएट उत्पाद नहीं बेच रहे हैं।

### जापान में भारतीयों के लिए बढ़ेंगे अवसर

*पीयूष गोयल ने कहा कि जापान में विशेष रूप से हेल्थकेयर क्षेत्र में भारतीय पेशेवरों के लिए बड़े अवसर मौजूद हैं। जापान की बढ़ती उम्र वाली आबादी के कारण प्रशिक्षित केयरगिवर्स की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसके लिए जापानी भाषा और संस्कृति की जानकारी आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति के पास भाषा कौशल के साथ जापानी संस्कृति की समझ भी हो, तो उसके लिए जापान में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।*

## इसरो मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

# परिसर की गहन तलाशी में कुछ नहीं मिला, फर्जी निकला ईमेल



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद गुरुवार को सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

हालांकि, जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और बाद में यह धमकी फर्जी साबित हुई। पुलिस के अनुसार, धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस टीम, डॉग स्क्वॉयड और बम निरोधक एवं बम खोजी दस्ता (बीडीडीएस) इसरो मुख्यालय पहुंचा। एहतियात के तौर पर भवन में मौजूद सभी कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और पूरे परिसर की गहन तलाशी ली गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जांच के बाद धमकी को फर्जी बताया है।

## अमेरिका के मोटल में लगी आग

# दम घुटने से गुजरात के एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत



ईशानी, हितेष और हिनाबेन सुथार

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अमेरिका के मैसाचुसेट्स राज्य के वुस्टर शहर स्थित इकोनो लॉज मोटल में लगी भीषण आग में गुजरात के खेड़ा जिले के नडियाद निवासी एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान हितेशभाई सुथार, उनकी पत्नी हिनाबेन सुथार और 20 वर्षीय बेटी ईशानी सुथार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, यह परिवार करीब दो साल पहले बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका गया था और वहीं बस गया था। हितेशभाई उसी इकोनो लॉज मोटल में काम करते थे और उनका परिवार भी मोटल परिसर में ही रहता था। रविवार देर रात करीब 1:30 बजे मोटल में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी, जिसके बाद परिवार कमरे में ही फंस गया।

## खान क्वेस्ट 2026 में सेना का युद्धाभ्यास




### शांति रक्षा अभियान में लिया भाग

*उलानबटार। मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में इन दिनों बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'खान क्वेस्ट 2026' चल रहा है। भारतीय सेना की टुकड़ी ने 18 देशों की संयुक्त राष्ट्र शांति-रक्षा अभियानों से जुड़े संयुक्त अभ्यास किए। इनमें पेट्रोलिंग, घेराबंदी और तलाशी अभियान तथा मानवीय सहायता से जुड़ी गतिविधियां शामिल थीं। इन अभ्यासों का मकसद मुश्किल ऑपरेशनल हालात में आपसी तालमेल, संचार और मिलकर काम करने की क्षमता को बेहतर बनाना था।*

## पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर दिल्ली को दहलाने की साजिश नाकाम

# आईएसआई के 4 आतंकी गिरफ्तार, विदेशी हथियार बरामद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़े अंतरराज्यीय ऑपरेशन में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकी और हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में पंजाब और दिल्ली से 4 आंतकियों को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर राजधानी को दहलाने की साजिश रच रहे थे। पकड़े गए आतंकियों के पास से तुर्की मेड जिगाना पिस्टल समेत दो विदेशी पिस्टल, नौ कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

### दिल्ली में धार्मिक स्थलों की रेकी कर पाक भेज रहे थे थानों और मंदिरों के वीडियो



(बाएं से दाएं) आरोपी साजन उर्फ हनी, गगनप्रीत, रिषी, शुभदीप

### ड्रोन से हथियार व ड्रग्स रिसीव करते

सबसे पहले पंजाब के अमृतसर (मजीठा रोड) से शुभदीप सिंह उर्फ विशाल को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक सेमी-आटोमैटिक पिस्टल, पांच कारतूस और दो मोबाइल मिले। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि वह शहजाद भट्टी नेटवर्क के पाकिस्तानी हैंडलर्स के सीधे संपर्क में था और ड्रोन के जरिए हथियार व ड्रग्स की खेप रिसीव करता था।

### युवाओं को जाल में फंसाया

स्पेशल सेल के डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी के मुताबिक पाकिस्तान में बैठा आईएसआई हैंडलर शाहजाद भट्टी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दिल्ली एनसीआर में किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इसके लिए उसने पंजाब के स्थानीय युवाओं को अपने जाल में फंसाया था। शुरुआती जांच के बाद स्पेशल सेल ने दिल्ली और पंजाब में कई जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।

### मोबाइल से कई आपत्तिजनक सबूत

शुभदीप से मिली जानकारी के आधार पर पंजाब से उसके दो और साथियों गुरजंत सिंह उर्फ ऋषि और साजन सिंह उर्फ हनी को दबोच लिया गया। इनके पास से 'जिगाना पिस्टल' और चार कारतूस बरामद हुए। इसी कड़ी में आगे कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गगनप्रीत नाम के चौथे आतंकी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके मोबाइल से कई आपत्तिजनक सबूत मिले हैं। पकड़े गए आरोपियों में से गगनप्रीत को पाकिस्तानी हैंडलर्स ने बेहद खतरनाक काम सौंपा था।

## दोहा में अमेरिका-ईरान वार्ता से बढ़ी उम्मीद

# 14 सूत्रीय एमओयू के मुद्दों पर हुई सकारात्मक प्रगति

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कतर के पीएम के सलाहकार और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद



माजेद अंसारी

अल अंसारी के अनुसार पाक ने दोहा में अमेरिकी और ईरानी वार्ताकारों के साथ अलग-अलग बैठकें संपन्न कीं। जिनमें 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) से संबंधित मुद्दों पर सकारात्मक प्रगति दर्ज की गई। यह वार्ता लेक ल्यूसर्न शिखर सम्मेलन के परिणामों पर आधारित थी।

### महबूबा श्रद्धांजलि देने ईरान जाएंगी

*ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन शुक्रवार को ईरान जाएंगे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती भी उन्हें श्रद्धांजलि देने ईरान जाएंगी। खामेनेई की अंतिम यात्रा 4 से 9 जुलाई तक ईरान और इराक के अलग- अलग स्थानों पर करने की योजना हैं।*

## बुलेट की टक्कर से घायल जरदोजी कारीगर की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते एक सप्ताह पूर्व बाजार से सब्जी लेकर वापस घर लौट रहे बाइक सवार को बुलेट ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों ने आनन फानन उसे अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। घटना के समय अनीश ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अहमदाबाद कटौली निवासी अनीस (45) एक सप्ताह पूर्व भतोइया गांव में सड़क किनारे लगने वाली साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर बाइक से वापस घर लौट थे तभी चिहुंटा कटौली गांव के बीच नहर की पुलिया के पास बुलेट सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह उछाल कर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हें ग्रामीणों ने आनन फानन अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे अस्पताल रेफर कर दिया। जहां एक सप्ताह इलाज चलने के बाद बृहस्पतिवार सुबह जरदोजी कारीगर की मौत हो गई। मृतक के परिवार में माता नूरजहां और दो भाई हैं जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## स्वास्थ्य जांच शिविर में 44 कर्मियों की गयी जांच

लखनऊ। ऐशबाग स्थित रेलवे सुरक्षा बल बैरक में ऐशबाग रेलवे पॉलीक्लिनिक की मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीक्षा चौधरी, मण्डल चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजना पटनी, मुख्य नर्सिंग अधीक्षक सुश्री नील्जा तथा पैरामेडिकल स्टाफ की टीम द्वारा रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें हाइपरटेंशन के 5 पुराने व 11 नए मामले, डायबिटीज के 7 पुराने व 1 नया मामला, मोटापा के 4, ओरल कैंसर का 1, रुमेटॉयड आर्थराइटिस का 1 तथा अल्सरेटिव कोलाइटिस का 1 मामले के साथ कुल 44 कर्मियों की जांच की गई।

# राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के रालोद संसदीय बोर्ड सदस्य मनोनीत होने पर हुआ भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में आज राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे को रालोद संसदीय बोर्ड का सदस्य मनोनीत किए जाने पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह से पूर्व श्री दुबे ने रालोद नेताओं के साथ मुख्यालय स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वागत समारोह का आयोजन एवं संचालन व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में रालोद महासचिव अनिल दुबे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस विश्वास




पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, युवाओं, मजदूरों तथा समाज के सभी वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का स्वागत एवं सम्मान के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। प्रदेश पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि अनिल दुबे पूर्वांचल, मध्य उत्तर प्रदेश (मध्यांचल) एवं बुंदेलखंड के क्षेत्रों में जनता और कार्यकताओं के बीच एक अत्यंत लोकप्रिय, संघर्षशील एवं कर्मठ नेता के रूप में अपनी विशेष पहचान रखते हैं। उनके संसदीय बोर्ड में शामिल होने से इन क्षेत्रों में पार्टी संगठन को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी तथा आगामी चुनावों में राष्ट्रीय लोकदल और अधिक सशक्त होकर उभरेगा। वक्ताओं ने कहा कि अनिल दुबे का संसदीय बोर्ड में मनोनयन उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव, समर्पण एवं पार्टी के प्रति निष्ठा का सम्मान है। उनके अनुभव का लाभ संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्णय का स्वागत करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल, एस सी एस टी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भगवती प्रसाद सूर्यवंशी, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल, प्रोफेशनल मंच के राष्ट्रीय सचिव आर एन शुक्ला, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, रजनीकांत मिश्रा, बी एल प्रेमी, चौधरी भूपाल सिंह, रामावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, राव इकबाल, प्रमोद शुक्ला, पी के पाठक, राजकुमार ओझा, माया देवी, अनीता यादव, बिपिन द्विवेदी, शफीक, मुकेश वर्मा आदि प्रमुख साथी मौजूद रहे।

# घर में आग लगने से लाखों की सामग्री जलकर राख, पीड़ित ने भाई पर जताया शक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भिखारी खेड़ा गांव में गुरुवार दोपहर एक घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से लाखों रुपये की गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग बुझाने के प्रयास में पांच वर्षीय मासूम के हाथ भी झुलस गए। ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

भिखारी खेड़ा निवासी संजय के घर में दोपहर अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। आग से बेड, बक्सा, सिलाई मशीन, कपड़े, बर्तन, जेवरात, सरसों, गेहूं, भूसा समेत घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित ने करीब तीन लाख रुपये के नुकसान का दावा किया है।

घटना के समय संजय का पांच वर्षीय बेटा ऋषि घर के बरामदे में सो रहा था। आग की लपटें देखकर उसने


बेड समेत सामग्री हुई राख

आग बुझाने की कोशिश की, जिससे उसके हाथ झुलस गए। धुआं उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उस समय परिवार के अन्य सदस्य खेत पर काम कर रहे थे। सूचना मिलने पर वे भी पहुंचे और ग्रामीणों के साथ सबमर्सिबल व बाल्टियों से पानी डालकर करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर का अधिकांश सामान जल चुका था।

आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पीड़ित संजय ने अपने भाई पर घटना को लेकर शक जताया है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस आग लगने के कारणों और पीड़ित के आरोपों की जांच कर रही है।

## योगी आज करेंगे प्रशासनिक अकादमी परिसर का लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था को आधुनिक और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप सक्षम बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के अत्याधुनिक नवीन परिसर का लोकार्पण करेंगे। करीब 464 करोड़ रुपये की लागत से 22.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित यह परिसर आईएएस, पीसीएस समेत विभिन्न सेवाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। यह नया परिसर प्रदेश की 75 वर्षों से अधिक पुरानी प्रशासनिक प्रशिक्षण व्यवस्था को आधुनिक तकनीक, वैश्विक मानकों और डिजिटल संसाधनों से जोड़ते हुए प्रशासनिक क्षमता निर्माण, नेतृत्व विकास और सुशासन को नई मजबूती प्रदान करेगा। यहां फाउंडेशन, इंडक्शन और मिड-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ डिजिटल गवर्नेंस, नीति क्रियान्वयन, परियोजना प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, नवाचार और जनसेवा जैसे विषयों पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# जमीन विवाद में चली गोलियां, पुलिस ने तीन को भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चार बीघा जमीन पर कब्जे के विवाद में हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई दो कारें, एक मोबाइल फोन और 32 बोर का एक खोखा बरामद किया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में बुधवार को चार बीघा जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। पुलिस के अनुसार, गोपालपुर निवासी घनश्याम और लोधई गांव के हरगोविंद व उनकी पत्नी के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। इसी जमीन को श्यामकली ने काकोरी के जानकीखेड़ा निवासी अनिल यादव से बेच दिया था।

बुधवार को अनिल यादव अपने साथ मलिहाबाद के मोहम्मदनगर रहमतनगर निवासी राम सिंह यादव, मलिहाबाद के घोला निवासी कुलदीप कुमार रावत समेत कई लोगों के साथ दो कारों से मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर


पुलिस की गिरफ्त में तीन आरोपी

से खेत की जुताई शुरू करा दी। इसकी जानकारी मिलने पर घनश्याम अपने परिजनों के साथ खेत पर पहुंच गए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट में बदल गई। जिसमें कई लोग घायल हो गए।

इस दौरान अनिल यादव के पक्ष की ओर से लाइसेंसी पिस्टल से कई राउंड फायरिंग किए जाने का भी आरोप है। गोली चलने से गांव में दहशत फैल गई और आसपास के लोग घरों में दुबक गए।

संघर्ष में दोनों पक्षों के कुल नौ लोग घायल हुए। घनश्याम पक्ष के आधा दर्जन लोग घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से अनिल यादव, राम सिंह यादव, कुलदीप कुमार रावत समेत अन्य लोग चोटिल हुए। सभी घायलों को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुसमा और अनिल यादव की हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

रहीमाबाद पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए कुलदीप कुमार रावत, राम सिंह यादव, और मनीष निवासी हसनापुर, मलिहाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 32 बोर का एक खोखा, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक बलेनो कार और एक थार कार बरामद की। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया।

### अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश

पुलिस ने पहले ही एक पक्ष की तहरीर पर तीन नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वन महोत्सव पर मंदिर परिसर में हुआ पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प


पौधा भेंट करते वीरेंद्र प्रताप सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। वन महोत्सव के तहत बृहस्पतिवार को माल क्षेत्र के नारायणपुर स्थित चिरंजीवी नाथ मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने ग्राम प्रधान धन्नो, वन विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ पीपल एवं आम के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और संतुलित पारिस्थितिकी के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाए। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को आम के पौधे वितरित किए गए, ताकि वे अपने घरों और खेतों में पौधरोपण कर हरित वातावरण के निर्माण में योगदान दे सकें। इस अवसर पर वन अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा को कांग्रेस ही हरा सकती है : राजेन्द्र पाल

## कांग्रेस के यूपी प्रभारी ने पत्रकारवार्ता कर भाजपा सरकार पर साधा निशाना

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में जिन-जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकारें हैं, पुलिस के माध्यम से लगातार हत्याएं करा रही है। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुःखद है। कानून के अनुसार पहले मुकदमा दर्ज होता है तो आरोपी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, चार्जशीट होनी चाहिए, कोर्ट में ट्रायल होना चाहिए और साक्ष्य के आधार पर न्यायालय यदि दोषी पाता है तो उसे सजा मिले लेकिन भाजपा शासित राज्यों में पुलिस ही हत्याएं कर रही है।

गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, कमजोरों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के घरों पर बुलडोजर चला रही है। आखिर उन घरों पर बुलडोजर कब चलेगा जिन्होने देश



के करोड़ों करोड़ लोगों की आस्था के साथ विश्वासघात किया है, राम मंदिर में दान चोरी, चढ़ावा चोरी किये हैं। उन्होने कहा कि सिर्फ छोटे-छोटे कर्मचारियों को जेल भेजकर बड़ों को बचाने का प्रयास किया जा रहा हैं। जो असली दोषी हैं, षडयंत्रकारी हैं उन पर कब कार्यवाही होगी सवाल यह है। उन्होंने कहा कि देश की जनता जानती है कि भाजपा को सिर्फ कांग्रेस ही हरा सकती है। इस बार इन्हें सत्ता से बाहर करने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी, 2027 में उप्र से और 2029 में देश से भगाकर राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनायेंगे। उन्होने कहा कि भाजपा के लोग धर्म का इस्तेमाल वोट के लिए करते हैं राम के नाम का इस्तेमाल वोट के लिए करते हैं जबकि इनका राम जी से कोई लेना देना नहीं है।

राम के नाम पर सत्ता में आयी भाजपा आज देश के करोड़ों जनता की आस्था के साथ धोखा कर रही है। सच्चाई तो यह है कि यह कभी राम के नहीं रहे सिर्फ नाम के नाम पर वोट लिया और अब राम मंदिर में चंदा चोरी से यह साफ हो गया कि यह देश की जनता के साथ धोखा कर रहे हैं। उन्होने कहा कि जब भाजपा की बी टीम के लोग राम मंदिर दर्शन करने जाते हैं तो पूरी पुलिस सुरक्षा और वीआईपी प्रोटोकाल देकर दर्शन कराते हैं और जब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल दर्शन के लिए अयोध्या जाते हैं तो उन्हें हिरासत में लिया जाता है और हाउस अरेस्ट किया जाता है इसका जवाब प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी को देना चाहिए।

# आकर्षण का केन्द्र बना 'आई लव गोरखपुर' का सेल्फी पॉइंट

## एलईडी प्रकाश से सजा यह मॉडल अपनी आधुनिक डिजाइन से यात्रियों को रहा लुभा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** रेलवे लगातार स्टेशनों के सौन्दर्यीकरण को लेकर तमाम तरह के प्रयास कर रहा है। कभी स्टेशनों पर हुई फिल्मों की शूटिंग का संकलन एलईडी पर दिखाया जा रहा तो कहीं कभी भव्य गीता के संदेश जैसे मॉडल स्थापित किये गये हैं। इसी प्रकार गोरखपुर रेलवे स्टेशन को अभी तक विश्व के सबसे लम्बे प्लेटफार्म के कारण जाना जाता था लेकिन अब इसकी खुबसूरती के लिए भी इसे पहचाना जा रहा है।

रेलवे स्टेशन को खुबसूरत बनाने का काम लगातार चल रहा है। गोरखपुर जंक्शन स्टेशन के गेट संख्या-1 के निकट तथा प्लेटफार्म संख्या 9 के निकट कैबवे साइड पर आई लव गोरखपुर का सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया है।




एलईडी प्रकाश से सजा यह मॉडल अपनी आधुनिक डिजाइन और भव्यता के कारण यात्रियों, विशेषकर युवाओं व पर्यटकों को सेल्फी लेने के लिए काफी आकर्षित कर रहा है। स्टेशन पर आगमन के साथ ही यह सेल्फी पॉइंट गोरखपुर शहर के प्रति लगाव व गर्व की भावना को दशार्ता है।

मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि यह पहल स्वच्छ व सुंदर स्टेशन अभियान के अंतर्गत स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक प्रयास है। इससे न केवल स्टेशन की शोभा बढ़ी है, बल्कि यात्री अपनी यात्रा को यादगार बनाकर गोरखपुर की सकारात्मक छवि देश-विदेश तक पहुंचा रहे हैं। गोरखपुर में आने वाले यात्री अपने साथ यहां की सुन्दर तस्वीर लेकर जायें। यहां पर सेल्फी लें, जिससे गोरखपुर रेलवे स्टेशन उनकी यादों में बना रहे। गोरखपुर स्टेशन पर दो सेल्फी प्वाइंट बनाये जा रहे हैं, पहला तैयार हो चुका है और बड़ी संख्या में लोग इसके साथ सेल्फी भी ले रहे हैं।

# भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में डॉ. मुखर्जी के विचारों पर चर्चा

**लखनऊ।** भाजपा की लखनऊ जिला इकाई ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पखवाड़ा के तहत एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में एक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने की, जबकि जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अरविंद यादव ने इसका संचालन किया। मुख्य अतिथि अवधेश द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। द्विवेदी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक विधान, एक निशान और एक प्रधान के संकल्प के लिए अपन सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्हों कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छे 370 को हटाकर उनके सपनों के साकार करने का कार्य किया गया है उन्होंने कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्ज के राष्ट्रवादी विचारों और सिद्धांत को मंडल से लेकर बूथ स्तर तक जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री डॉ. विमल ने भी डॉ मुखर्जी के जीवन, संघर्ष और राष्ट् निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।

# रोड मैप बनाकर संगठन को मजबूती देने पर मंथन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान पदाधिकारियों एवं जिला-शहर अध्यक्षों की बैठक प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम के नेतृत्व में और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सम्पन्न हुई।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस से लेकर बूथ स्तर तक संगठनात्मक संरचना, जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला एवं ब्लाक और निचले स्तर तक की कमेटियों के बारे में विचार विर्मश किया गया। इसके साथ ही कांग्रेस की सम्पत्तियों का कैसे मानचित्रीकरण करना है, सम्पत्तियों की कैसे पहचान की जाए तथा उनका बेहतर डक्यूमेंटेशन किया जाए इस पर चर्चा की गयी। इसके अलावा उप्र के आर्थिक और सरकार के कार्यों से सम्बन्धित मुद्दों पर चर्चा की गयी। किसानों, युवा, महिला, दलित, पिछड़े, आदिवासी वर्ग के लोगों के बारे में तथा निजी क्षेत्र के कर्मचारी, छात्र, बेरोजगार युवा और जो लोग गरीबी रेखा के स्तर पर जीवन यापन कर रहे हैं हैं उसके विषय में चर्चा की गयी। बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता पर लिये जाने, उसका बेहतर प्रचार-प्रसार करने, जनसभाएं, प्रदर्शन, प्रेसवार्ता, सोशल मीडिया, आउटरीच और दूसरे संवैधानिक तरीकों से आगे बढ़ने पर विचार विमर्श किया गया। पार्टी के चल रहे कार्यक्रम और आने वाले भावी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई और अन्य संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में इस बिन्दु पर भी चर्चा की गयी जो जो कांग्रेस के महत्वपूर्ण निर्देश हैं। उसे संगठन के स्तर पर प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक प्रभावशाली तरीके से कैसे लागू किया

# संसदीय बोर्ड के सदस्य अनिल दुबे का भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे को रालोद संसदीय बोर्ड का सदस्य मनोनीत किए जाने पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह से पूर्व श्री दुबे ने रालोद नेताओं के साथ मुख्यालय स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

स्वागत समारोह का आयोजन एवं संचालन व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में अनिल दुबे ने रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस विश्वास पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि रालोद किसानों, युवाओं, मजदूरों तथा समाज




उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं सम्मान के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। प्रदेश पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि अनिल दुबे पूर्वांचल, मध्य उत्तर प्रदेश (मध्यांचल) एवं बुंदेलखंड के क्षेत्रों में जनता और कार्यकर्ताओं के बीच एक अत्यंत लोकप्रिय, संघर्षशील एवं कर्मठ नेता के रूप में अपनी विशेष पहचान रखते हैं। उनके संसदीय बोर्ड में शामिल होने से इन क्षेत्रों में पार्टी संगठन को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी तथा आगामी चुनावों में रालोद और अधिक सशक्त होकर

दुबे का संसदीय बोर्ड में मनोनयन उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव, समर्पण एवं पार्टी के प्रति निष्ठा का सम्मान है। उनके अनुभव का लाभ संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्णय का स्वागत करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल, एस सी एस टी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भगवती प्रसाद सूर्यवंशी, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल, राजकुमार ओझा, माया देवी, अनीता यादव, बिपिन द्विवेदी, शफीक, मुकेश वर्मा आदि प्रमुख साथी

# पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड प्राप्त करना हुआ आसान

**लखनऊ।** सूचना निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि पत्रकारों के हितार्थ महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। अब पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड और आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। उन्होने बताया कि जिन पत्रकारों ने आयुष्मान काड के लिए अपना आवेदन किया है और कतिपय कारणों से उनका कार्ड नहीं बन पाया है, वह पोर्टल पर अपने काड का स्टेटस चेक कर सकते है। पोर्टल पर नाम प्रदर्शित होने पर किसी भी प्रकार के संसोधन के लिए संबधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर संसोधन भी करा सकते है। उन्होने यह भी बताया कि जिन पत्रकारों ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन नहीं किया है या आवेदन किया है और उनक कार्ड नहीं बना है, इसके समाधान के लिए शीघ्र ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जायेगा। पोर्टल शुरू होने के पश्चात पत्रकार अपने जनपद के जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर अपना आवेदन उपलब्ध करा सकेंगे।

# गोण्डा-बुढ़वल-सीतापुर रेलखण्ड के विकास कार्यों का निरीक्षण

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने गोण्डा-बुढ़वल-सीतापुर रेलखण्ड के निरीक्षण के दौरान यात्र सुविधाओं, स्टेशन पुनर्विकास, ट्रैक-ब्रिज सुरक्षा तथा संरक्षा उपकरणों की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन भवन के डिजाइन, स्ट्रक्चर औ मास्टर प्लान का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्लेटफार्म संख्या 1 को सुदृढ़ करने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा फूड ट्रैक एवं रेल आहार स्टालों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अन्य वरिष्ठ



अधिकारियों के साथ अधिकारी विश्रामालय परिसर, गोंडा में पौधरोपण भी किया। महाप्रबंधक बोरवणकर ने कहा कि यात्री सुरक्षा आधुनिक सुविधाएं एवं संरक्षा मानकों का सख्ती से पालन पूर्वोत्तर रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण में उल्लिखित सभी बिंदुओ पर त्वरित अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। गोण्डा-बुढ़वल-सीतापुर खंड में विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय द्वार समपार संख्या 303 स्पेशल का जायजा लिया गया तथा गेटमैन से संरक्षा संबंधी पूछताछ की गई। उन्होंने सीतापुर जं. स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं तथा सीतापुर स्थित रेलवे कालोनी का विस्तृत निरीक्षण किया इस अवसर पर मुख्य परियोजना प्रबंधक/रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/समन्वय, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्

# जनपद में चलेगा बरगद बचाओ महाअभियान, 5 हजार बरगद लगाने का संकल्प

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय वृक्ष बरगद के संवर्धन को लेकर जनपद में जल्द ही एक व्यापक 'बरगद लगाओ, बरगद बचाओ' अभियान शुरू किया जाएगा। पर्यावरण मित्र और अभियान संयोजक वरिष्ठ उपनिरीक्षक एवं पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा 'अपूर्व' ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बरगद जैसे जीवनदायी विराट वृक्षों का संरक्षण, नए पौधों का रोपण और लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ।बरगद (वट वृक्ष) सिर्फ एक साधारण पेड़ नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और पारिस्थितिकी का एक जीवंत स्तंभ है अपनी विशालता और औषधीय गुणों के कारण इसे भारत का राष्ट्रीय वृक्ष का दर्जा प्राप्त है। इस अभियान के तहत जनपद उन्नाव के प्रत्येक गांव में कम से कम पांच तथा स्कूलों, कार्यालय परिसरों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कम से कम एक बरगद का पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जनसहयोग से पूरे जिले में 5,000 बरगद के पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया गया है। लोगों को बरगद के धार्मिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय महत्व से जोड़ने के लिए शहर से लेकर गांव तक 'बरगद कथा' का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से बरगद के संरक्षण के प्रति समाज को प्रेरित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत गांव और मोहल्ला स्तर पर 'बरगद बचाओ टास्क फोर्स' का गठन किया जाएगा। साथ ही जनपद में पहले से मौजूद बरगद के पुराने वृक्षों की गणना कर उनका संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। पुराने वृक्षों और नए लगाए जाने वाले पौधों की जियो टैगिंग भी कराई जाएगी, जिससे उनका व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार हो सके। अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए विवाह, सगाई, जन्मदिन और अन्य शुभ अवसरों पर बरगद का पौधा उपहार स्वरूप भेंट करने की परंपरा शुरू करने की भी योजना है। सक्रिय सहयोगी पर्यावरण मित्रों के जरिये 1 लाख से अधिक लोगों को व्हाट्सएप के जरिए संदेश भेजकर इस अभियान से जुड़ने की अपील की जायेगी ।पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने वाले पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा 'अपूर्व' को लोग 'ट्री मैन ऑफ यूपी', 'ऑक्सीजन मैन ऑफ यूपी', 'डॉक्टर ऑफ ट्री' और 'पेड़ वाले पुलिस अंकल' जैसे नामों से भी जानते हैं। उनका कहना है कि यदि हर व्यक्ति एक बरगद लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस पुण्य कार्य में लोग आस-पास की खाली जमीन का चयन करें और एक बरगद का पौधा लगाकर समाज व पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## संक्षेप

### अंडर पास न बनने से ग्रामीणों आने जाने में होती है परेशानी

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। लालगंज उन्नाव हाईवे पर कस्बे के पास अंडर पास होने के कारण बैंक ,थाना ,ब्लॉक, पावर स्टेशन जाने के लिए आम नागरिक स्लिप रोड से विपरीत दिशा में वाहन लेकर आया जाया करते हैं जिससे कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। कस्बा के लोगों ने सांसद ,विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों से ब्लॉक के पास अंडर पास बनाए जाने की मांग उठाई जा चुकी है किंतु एनएच से अंडरपास न बनने से लोग स्लिप रोड पर बड़े वाहन तक विपरीत दिशा में लेकर चल रहे हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ती हैं वही बीघापुर रेलवे स्टेशन कैंची मोड पर अंडरपास न बनने के कारण लोग दोनों तरफ की स्लिप रोड पर विपरीत दिशा में फराटे के साथ वाहन लेकर चल रहे विपरीत दिशा चलने के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

### छात्र की संदिग्ध मौत

#### छत पर मिला शव, गले पर फंदे के निशान, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली , बछरावां कोतवाली क्षेत्र स्थित मदारखेड़ा गांव में बुधवार देर शाम 10 बजे एक कक्षा आठ के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 13 वर्षीय किशोर का शव घर की छत पर मिला, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान मदारखेड़ा निवासी राजकुमार सिंह के पुत्र धीरेंद्र के रूप में हुई है। धीरेंद्र बुधवार शाम अपने घर की छत पर अचेत अवस्था में पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। केशव वर्मा शादियों में खाना बनाने का काम करता था, जिससे उसके परिवार का भरण-पोषण होता था। खेत से लौटने के बाद परिजनों ने उसे देखा और तत्काल छोटकवा खेड़ा के एक निजी नर्सिंग होम ले गए। वहां इलाज से मना करने के बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉ. अभय चतुवेर्दी ने धीरेंद्र का परीक्षण किया और उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक के अनुसार, किशोर के गले पर फंदे के निशान मिले हैं, जिससे प्रथम दृष्टया फंदे पर लटकने की आशंका जताई जा रही है हालांकि, उसके दोनों पैरों के पंजों पर भी गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा ।कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्टीकरण होगा। पुलिस को तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम ने लागू की धारा 163

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आगामी कांवड़ यात्रा को देखते हुए डीएम घनश्याम मीणा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश जिले में शांति, कानून व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों और जुलूसों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना या कानून-व्यवस्था की समस्या को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। इसके तहत, बिना सक्षम अनुमति के कोई भी जुलूस, प्रदर्शन, सभा या धरना आयोजित नहीं किया जा सकेगा। सार्वजनिक स्थानों पर हथियार, लाठी, डंडा, तलवार या अन्य घातक वस्तुएं लेकर चलने पर भी रोक रहेगी। हालांकि, ड्यूटी पर तैनात पुलिस, सुरक्षा बल और अधिकृत अधिकारियों को इससे छूट दी गई है। आदेश में भड़काऊ भाषण, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले बयान, आपत्तिजनक पोस्टर, बैनर अथवा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाली सामग्री प्रसारित करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है ।किसी भी धार्मिक आयोजन, ताजिया, कांवड़ अथवा अन्य जुलूस के लिए प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आयोजकों को निर्धारित मार्ग और समय का पालन करना होगा, साथ ही प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग भी केवल सक्षम प्राधिकारी की अनुमति एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जा सकेगा। प्रशासन ने आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस अथवा प्रशासन को देने की अपील की है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# प्रसव पीड़ा के बाद जन्मी बच्ची महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज प्रसव पीड़ा के दौरान सीएचसी आई महिला द्वारा बच्ची को जन्म देने के बाद उसकी हालत खराब होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।पति की सूचना पर पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टम के कराया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गणेश खेड़ा निवासी देवेंद्र कुमार की 35 वषीर्या पत्नी सरोज प्रेग्नेंट थी बुधवार को प्रसव पीड़ा होने पर उसे एम्बुलेंस से अचलगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया था जहां एक बच्ची को जन्म देने के बाद महिला की हालत बिगड़ गई ।जिसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल भेजा गया ।जहां पहुंचने पर डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया ।पति की सूचना पर उपनिरीक्षक अंगद सिंह ने अस्पताल जाकर महिला का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका इसके पूर्व दो बच्चों की मां रही है।

# फाल्ट ठीक करने पोल पर चढ़ा प्राइवेट लाइन मैन करंट से मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर प्राइवेट लाइन मैन फाल्ट ठीक करने के लिए पोल पर चढ गया तभी वह विद्युत करेंट की चपेट में आ गया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी मिली तो रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे लेकिन उसके पहले ही पुलिस शव उठा कर ले गयी जिससे मृतक के परिजन आहत हैं। मुरव्वत पुर गांव निवासी सरोज उर्फ लालू यादव पुत्र बालक राम यादव 25 विद्युत उपकेन्द्र मियागंज में प्राइवेट लाइन मौन था गुरुवार की सुबह बाइक से मियागंज पावर हाउस जाने के लिए निकला था दोपहर में किसी व्यक्ति के फोन काल पर वह बरौंकी गांव फाल्ट ठीक करने के लिए पहुंचा और सिटडाउन लिए बिना विद्युत पोल पर चढ गया उस समय विद्युत आपूर्ति चालू थी फाल्ट ठीक करते समय वह विद्युत करेंट की चपेट में आ गया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी मृतक के परिजनों को घटना की सूचना मिली तो रोते बिलखते हुए घटना स्थल पर पहुंचे उसके पहले ही पुलिस शव को लेकर चली गयी परिजन आसीवन थाना पहुंचे जहां पुलिस ने बताया कि शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है मृतक तीन भाइयों के बीच दूसरे स्थान पर था सबसे बडे भाई मनोज कुमार यादव की एक साल पहले मौत हो चुकी है सबसे छोटा दिलीप यादव हैं मां गंगा वती बेटे की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है वही जब इस सम्बंध में जेई रामू लोधी से बात करने के लिए फोन मिलाया गया तो रिसीव नहीं हुआ।

*मृतक दो साल से मियागंज उपकेन्द्र पर बतौर प्राइवेट लाइन मैन का काम करता था*

# आकाशीय बिजली की चपेट से महिला व एक मवेशी की मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग अलग गावों में आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से एक महिला व एक भैंस गंभीर रुप से घायल हो गए। भैस की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि महिला को स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के डोकरई के मजरे चतुरखेड़ा निवासिनी सुनीता पत्नी विजयपाल 40 वर्ष रोज की तरह अपनी बकरियां चराने खेत गयी थी। मौसम के अचानक खराब होने से बारिश चालू हो गयी। बारिश के साथ आकाशीय बिजली सुनीता के ऊपर आ गिरी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी ।परिजनों द्वारा घायल को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहा डॉक्टर राजकिशोर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र में नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव ने शव का पंचनामा भरवा पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। दिवंगत के एक पुत्री खुशी 12 व एक पुत्र अभिनव 08 वर्ष है। वही पास के गाँव सोनीखेड़ा मे भी आकाशीय बिजली के गिरने से खेत मे चर रही सोमवती पत्नी राकेश की भैंस की मौके पर ही मौत हो गयी। नायब तहसीलदार ने बताया आवश्यक कार्यवाही पूरा करा आपदा राहत हेतु रिपोर्ट शासन को भेज दी गयी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत

हादसा

अमन लेखनी समाचार







सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के उन्नाव लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर ककरारी गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया । जनपद प्रतापगढ़ के लीलापुर थाना क्षेत्र के गांव खरगपुर पंडित का पुरवा निवासी प्रदीप 40 पुत्र नेता कलकत्ता से मीठा तेल लेकर राजस्थान जा रहे थे । बुधवार को उन्नाव लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर टैंकर का पहिया ककरारी गांव के पास पंचर होकर फट गया था । ड्राइवर प्रदीप रायबरेली जनपद के गुरुबख्शगंज थाना के अटौरा निवासी अपने मित्र हरिश्चंद्र 40पुत्र कल्लू को खाना लेकर बुलाया था । कल्लू अपने चचेरे भाई नीतेश 20 पुत्र रज्जन के साथ खाना देने ककरारी आया था । रात मे खाना खाने के बाद टायर बनवाने के बाद तीनों बाइक से पाटन जा रहे थे । ककरारी गांव के पास ही किसी अज्ञात वाहन ने बाइक मे टक्कर मार दी । जिससे तीनों गम्भीर रुप से घायल हो गये । सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को स्वस्थ केंद्र पहुंचाया । जहां डॉक्टर ने हरिश्चंद्र व ड्राइवर प्रदीप को मृत घोषित कर दिया । वही नीतेश को गम्भीर हालत मे जिला अस्पताल रेफर कर दिया । वहां से उसे कानपुर हैलेट भेजा गया था । जहां इलाज के दौरान नीतेश की मौत हो गई । नीतेश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था जो अविवाहित था । दो छोटे भाई शिवा व रीतेश है । माता बबिता का रो रो कर बुरा हाल है । वही मृतक प्रदीप के चार बेटियां वैष्णवी , काव्या , सृष्टि ,आरवी व एक बेटा पन्नू है । पत्नी शांती का रो रो कर बेहाल है । वही मृतक हरिश्चंद्र के दो बेटे अंश 8 व शिवांश 3 वर्ष है पत्नी उमा देवी घटना से बेहाल है । पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया । इस संबंध मे थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन की तलाश की जा रही है । तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाए ।

# एक निरीक्षक व बीस उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में किया गया फेरबदल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद में कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाने और पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने गुरुवार को पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। एसएसपी द्वारा जारी आदेश के तहत एक निरीक्षक सहित 20 उपनिरीक्षकों यानी कुल 21 पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन तैनाती स्थल पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, पुलिस लाइन में तैनात कई उपनिरीक्षकों को थानों और चौकियों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जबकि कई चौकी प्रभारियों को हटाकर अन्य स्थानों पर भेजा गया है। इस बदलाव को आगामी समय में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। तबादला सूची के अनुसार, निरीक्षक माबूद रजा को पुलिस लाइन से थाना गंगाघाट में निरीक्षक अपराध की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, उपनिरीक्षक अनिल कुमार को पुलिस लाइन से कोतवाली सदर की सिविल लाइन चौकी का प्रभारी बनाया गया है ।इसी क्रम में, चौकी प्रभारी नेवरना थाना अचलगंज पर तैनात उपनिरीक्षक ऋषि कपूर को थाना बांगरमऊ भेजा गया है, जबकि उपनिरीक्षक बलवीर सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी नेवरना की जिम्मेदारी मिली है। चौकी प्रभारी भगवंतनगर थाना बिहार रहे उपनिरीक्षक देवेंद्र अवस्थी को पुलिस लाइन भेजा गया है और उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह को चौकी भगवंतनगर का प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक मृत्युंजय बहादुर को चौकी कालूखेड़ा थाना असोहा से थाना अचलगंज भेजा गया है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक लालचंद्र कनौजिया को चौकी कालूखेड़ा का नया प्रभारी बनाया गया है। चौकी उगू थाना फतेहपुर चौरासी में तैनात उपनिरीक्षक प्रेम प्रकाश दीक्षित को पुलिस लाइन भेजा गया है, जबकि उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार को चौकी उगू की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त, चौकी राजेपुर थाना फतेहपुर चौरासी के प्रभारी रहे उपनिरीक्षक दृगपाल सिंह को थाना फतेहपुर चौरासी भेजा गया है। पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक दिनेश सिंह को चौकी राजेपुर का प्रभारी बनाया गया है। चौकी कुरसठ थाना आसीवन के प्रभारी राजीव भदौरिया को थाना बांगरमऊ भेजा गया है। पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह को चौकी कुरसठ का नया प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक राम मिलन यादव को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं वर्तमान वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली रहे उपनिरीक्षक नजर इमाम को थाना मौरावां भेजा गया है। पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक इम्तियाज खां को सीसी टीम थाना सफीपुर और उपनिरीक्षक शोभलाल को सीसी टीम थाना बिहार भेजा गया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक मुकेश कुमार को सीसी टीम थाना मौरावां, उपनिरीक्षक गुलरेज अख्तर को थाना फतेहपुर चौरासी तथा उपनिरीक्षक जय प्रकाश पांडेय को थाना बिहार में तैनाती दी गई है। एसएसपी द्वारा जारी आदेश में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे बिना विलंब किए अपनी नई तैनाती स्थल पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करें और शासन की मंशा के अनुरूप अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई तथा बेहतर पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग में हुए इस व्यापक फेरबदल से जिले के कई थानों और चौकियों की कमान नए अधिकारियों के हाथों में आ गई है।

# विद्युत ट्रांसफार्मर हुआ खराब बीस गांवों की विद्युत आपूर्ति हुई ठप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। ट्रांसगंगा सिटी सब स्टेशन पर 5 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। इसके कारण लगभग 20 गांवों में पिछले 60 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप है। भीषण गर्मी के बीच बिजली न मिलने से हजारों ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले ट्रांसगंगा सिटी सब स्टेशन पर लगा 5 एमवीए ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गया था। इसके बाद ट्रांसगंगा सिटी, शंकरपुर, सन्नी, गरेरेपुरवा, पिपरी, गंगा बैराज, बनी, मुस्तफापुर, भवानी खेड़ा सहित लगभग 20 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीणों को जल्द आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद थी। विद्युत विभाग ने मंगलवार देर रात वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ऐस भदियार सब स्टेशन से आपूर्ति शुरू करने का प्रयास किया। हालांकि, अत्यधिक लोड के कारण यह व्यवस्था सफल नहीं हो सकी। इसके बाद बुधवार सुबह एक नया 5 एमवीए ट्रांसफार्मर मंगवाकर सब स्टेशन पर स्थापित किया गया। ट्रांसफार्मर लगाने के बाद उसकी तकनीकी जांच और परीक्षण जारी है, जिसके चलते आपूर्ति अभी बहाल नहीं हो पाई है। विभागीय अधिकारियों ने बुधवार रात तक बिजली चालू होने की संभावना जताई थी। लेकिन, गुरुवार सुबह तक भी क्षेत्र में आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति असंतोष बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि लगातार दो दिनों से अधिक समय तक बिजली न मिलने से पीने के पानी की समस्या भी गंभीर हो गई है। इन्वर्टर और मोबाइल फोन चार्जिंग भी प्रभावित हुई है। ग्रामीणों ने विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि धीमी कार्यप्रणाली के कारण यह समस्या लंबी खिंच गई है। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी में बिना बिजली रहना मुश्किल हो रहा है और बच्चों, बुजुर्गों तथा मरीजों के स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ रहा है ।इस संबंध में अधिशासी अभियंता भरत गौतम ने बताया कि खराब ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। फिलहाल उसकी तकनीकी टेस्टिंग की जा रही है। परीक्षण पूरा होते ही क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। हालांकि खबर लिखे जाने तक करीब 60 घंटे बीत जाने के बावजूद बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी थी।

# वायुसेना में फ्लाइट लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ चयन परिजनों सहित गांव में खुसी की लहर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी आलोक शुक्ल के पुत्र पीयूष शुक्ल का वायुसेना में फ्लाइट लेफिटनेंट के पद पर चयन होने से परिजनों में खुसी की लहर है । पीयूष के पिता आलोक ने मुलाकात के दौरान बताया कि मेरे बेटे की प्रारंभिक पढ़ाई कच्छा एक से पांच तक चन्दनखेड़ा स्थित जी डी आर सी इंटर कालेज तथा उसके बाद इंटर तक कि पढ़ाई सरवैया स्थित पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी मेमोरियल एकेडमी व ग्रेजुवेशन भवानीगंज स्थित पंडित ललता प्रसाद डिग्री कालेज से किया । ग्रेजुवेट पूरा करने के बाद एक वर्ष से लखनऊ में किराए के मकान में रह कर आलमबाग स्थित महिंद्रा कोचिंग पढ़ाई व तैयारी कर रहा था ,इसी दौरान उसका वायु सेना में चयन होगया । पीयूष की माँ बेबी शुक्ल ग्रहणी है तथा पिता आलोक किसानी के साथ पुरोहिती के कार्य करते है । पीयूष के चयन होने की खबर मिलते ही लोगो पीयूष घर बधाई देने पहुंचने लगे । पीयूष के चयन से सेमरी गांव में प्रमोद शुक्ल , डॉ पुत्तन , रामु मिश्र , आजम खां , बचोले सिंह ने खुसी व्यक्त करते हुए बताया कि मेरे गांव के लाल ने वायु सेना में चयनित होकर गांव सहित छेत्र का नाम रोशन कर दिया ।

# सरकारी डॉक्टर के पास मेडिकल स्टोर संचालक लिख रहा पर्चे

## वीडियो बनने पर रुका रूके हाथ, शाहजहांपुर सीएमओ ने जांच के आदेश दिए

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में गुरूवार की रात करीब 11 एक सरकारी डॉक्टर और एक निजी मेडिकल स्टोर संचालक के बीच कथित सांठगांठ का मामला सामने आया है। एक वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि डॉक्टर के साथ बैठा निजी मेडिकल स्टोर संचालक मरीजों के पर्चे लिख रहा था। वीडियो बनने पर उसने पर्चे लिखना बंद कर दिया। वायरल वीडियो दोपहर का बताया जा रहा है। यह घटना पुवायां सीएचसी के कमरा नंबर आठ की बताई जा रही है ।वीडियो में दिख रहा है कि कमरे के बाहर मरीजों की लंबी कतार लगी है। अंदर, डॉक्टर मरीजों की जांच कर रहे हैं, जबकि उनके ठीक सामने एक व्यक्ति बैठा है और मरीजों के लिए दवा के पर्चे तैयार कर रहा है। दावा किया जा रहा है कि डॉक्टर की मिलीभगत से पर्चों पर ऐसी दवाएं लिखी जा रही थीं, जो केवल उसी मेडिकल स्टोर संचालक के निजी स्टोर पर उपलब्ध थीं। जैसे ही किसी ने वीडियो बनाना शुरू किया, व्यक्ति ने घबराकर पर्चे टेबल पर ही छोड़ दिए और बाद में वहां से चला गया वीडियो बनाने वाले को देखकर डॉक्टर ने भी अपना सिर उठाया, लेकिन फिर से मरीजों को देखने लगे। सूत्रों के अनुसार, इस तरह की मिलीभगत से मरीजों को अक्सर वे दवाएं बाहर से खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है, जो अस्पताल में उपलब्ध नहीं होने का बहाना बनाकर बाहर के मेडिकल स्टोर से लेने को कहा जाता है। दैनिक भास्कर वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है ।मामला सामने आने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने कहा कि उन्हें इस प्रकरण की जानकारी नहीं थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि डॉक्टर के पास कोई निजी मेडिकल स्टोर संचालक बैठा पाया गया है, तो मामले की गहन जांच कराई जाएगी।

## संक्षेप

### एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**प्रतापगढ़ का रहने वाला है शातिर, तलाशी में 6 कार्ड बरामद**

अमेठी, जायस पुलिस ने एटीएम बदलकर ठगी करने वाले एक शातिर अपराधी शुभम सोनकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम पर एक युवक का कार्ड बदलते समय रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास से विभिन्न बैंकों के 6 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। शुभम सोनकर के खिलाफ फतेहपुर और कौशाम्बी में पहले से तीन ठगी के मामले दर्ज हैं।पुलिस के अनुसार, जायस निवासी सैफ पुत्र आफताब अहमद सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से पैसे निकाल रहे थे। इसी दौरान आरोपी शुभम सोनकर ने मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। सैफ को शक हुआ और उन्होंने शुभम को मौके पर ही पकड़कर जायस पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त शुभम सोनकर (24 वर्ष) प्रतापगढ़ के कुण्डा थाना क्षेत्र के नरसिंहगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने उसकी तलाशी में अलग-अलग बैंकों के विभिन्न धारकों के कुल 6 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। शुभम सोनकर एक शातिर ठग है। उसके खिलाफ फतेहपुर के किशनपुर थाना और कौशाम्बी के मंझनपुर व संदीपनघाट थानों में भी ठगी के मामले दर्ज हैं। जायस पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और बरामद एटीएम कार्ड के मालिकों का पता लगाया जा रहा है।

### राम मंदिर चंदा चोरी विवाद, कांग्रेस का अयोध्या कूच

**कई नेता हाउस अरेस्ट, सांसद किशोरी लाल शर्मा अयोध्या पहुंचे**

अमेठी, राम मंदिर चंदा चोरी विवाद को लेकर अयोध्या जा रहे कांग्रेस नेताओं पर पुलिस ने देर रात कार्रवाई की है। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर आज सुबह 9 बजे गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय से अयोध्या रवाना होने वाले कई नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया।एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुमित, कांग्रेस नेता धर्मेंद्र शुक्ल, देवमणि तिवारी, सर्वेश सिंह और अवनीश सेनानी समेत कई नेताओं के घरों पर पुलिस का सख्त पहरा है। उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई है। हालांकि, पुलिस को चकमा देकर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल और पूर्व एमएलसी दीपक सिंह रात में ही अयोध्या के लिए निकल गए। वे अयोध्या पहुंच चुके हैं।कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि सरकार राम मंदिर चंदा चोरी के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए लोकतांत्रिक आवाज को दबा रही है। गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय पर ताला लटका हुआ है और अयोध्या में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अयोध्या पहुंचे सांसद किशोरी लाल शर्मा ने एक बयान जारी कर बताया कि उन्हें दर्शन करने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चंदा चोरी को तो नहीं रोक पाई, लेकिन एक हिंदू को दर्शन करने से रोक रही है।

उन्होंने सवाल किया कि यह किस धर्म की परंपरा है कि प्रभु श्रीराम के दर्शन करने से रोका जाए।

# भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करने डीआईजी गोंडा मंडल पहुंचे रूपईडीहा

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर




रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा क्षेत्र का गुरुवार को गोंडा मंडल के डीआईजी पुलिस अशोक कुमार शुक्ला ने दौरा कर सीमा सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। शाम लगभग 4 बजे वह थाना रूपईडीहा पहुंचे, जहां उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया और विभिन्न व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की। पत्रकारों से बातचीत के दौरान डीआईजी ने बताया कि उनके दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत-नेपाल सीमा पर संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करना तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए समीक्षा करना है। उन्होंने विशेष रूप से हाल ही में सीमा क्षेत्र में बरामद नशीले पदार्थों के बड़े जखीरे के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली। डीआईजी ने कहा कि नशीली दवाओं का सेवन केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बबादी की ओर धकेल देता है। इसलिए इस समस्या के विरुद्ध सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों को पूरी ईमानदारी और गंभीरता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उनकी सोच है कि पुलिस और अन्य एजेंसियां इतनी सख्ती और ईमानदारी से कार्य करें कि अवैध कारोबार करने वालों के लिए सीमा क्षेत्र में गतिविधियां संचालित करना असंभव हो जाए। उन्होंने हाल ही में हुई भारी मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी पर थाना प्रभारी रूपईडीहा और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन वह इससे पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं। उनका मानना है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न ही नहीं होनी चाहिए और समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर ऐसे अपराधों को रोका जाना चाहिए। डीआईजी ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक बहराइच को एक सप्ताह का समय दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी बरामदगी पुलिस की उपलब्धि होने के साथ-साथ व्यवस्था की एक चूक का भी संकेत है। उनका उद्देश्य ऐसी परिस्थितियों को जड़ से समाप्त करना है, जिससे किसी परिवार को नशे की वजह से बबार्दी का सामना न करना पड़े। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस प्रकरण की निष्पक्ष और ईमानदार जांच कर दोषियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई की जाएगी जो भविष्य के लिए नजीर बनेगी। रूपईडीहा पहुंचने के बाद डीआईजी ने भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र का भी निरीक्षण किया तथा नेपाली सशस्त्र पुलिस और नेपाल पुलिस के अधिकारियों से मुलाकात कर सीमा सुरक्षा और आपसी समन्वय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच को निर्देशित किया गया है कि वे नेपाल के उच्च अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखें तथा समय-समय पर बैठकें आयोजित करें, जिससे दोनों देशों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो और कानून-व्यवस्था संबंधी समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत सहित थाना रूपईडीहा के समस्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# सशस्त्र सीमा बल की संदीक्षा समिति ने वृद्धाश्रम में किया सेवा एवं परोपकार का कार्य

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर




रुपईडीहा, बहराइच। गिरीश चन्द्र पाण्डेय, कमांडेंट, 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बहराइच के कुशल मार्गदर्शन में वाहिनी की संदीक्षा समिति द्वारा जनपद बहराइच स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर संदीक्षा समिति की अध्यक्षा रेणु पाण्डेय के नेतृत्व में समिति की सदस्याओं ने वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनके स्वास्थ्य, दैनिक जीवन एवं अन्य आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान संदीक्षा सदस्याओं ने वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें सम्मान, स्नेह और अपनत्व का अनुभव कराया। समिति द्वारा वृद्धाश्रम की आवश्यकताओं के अनुरूप दैनिक उपयोग की सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण कर सेवा और परोपकार की भावना को साकार किया गया। इस दौरान वृद्धजनों ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए, जिन्हें सदस्यों ने बड़ी आत्मीयता से सुना। रेणु पाण्डेय ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारे परिवार एवं संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी सेवा, देखभाल और सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों से समाज में संवेदनशीलता, सहयोग एवं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा मिलता है तथा वृद्धजनों को यह विश्वास मिलता है कि समाज उनके साथ खड़ा है।

कार्यक्रम के अंत में वृद्धाश्रम प्रबंधन ने 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एवं संदीक्षा समिति का आभार व्यक्त करते हुए इस मानवीय पहल की सराहना की।

# वन महोत्सव के तहत ह्यएक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत चेयरमैन व रेंजर रूपईडीहा ने किया वृक्षारोपण

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे वन महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को दोदरा कक्ष संख्या 2 पी-1 में 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वृक्षारोपण जन अभियान तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत रूपईडीहा के चेयरमैन डॉ0 उमाशंकर वैश्य ने अपनी माता के सम्मान में एक पौधा रोपित कर अभियान का शुभारंभ किया तथा उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर आम, पाकड़, जामुन, आंवला, पीपल, सहजन सहित विभिन्न फलदार, छायादार एवं शोभाकार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान वन रेंज अधिकारी रूपईडीहा विवेक कुमार शुक्ला सहित वन विभाग के समस्त कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वन रेंज अधिकारी रूपईडीहा विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह के दौरान क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को स्थायी सफलता मिल सके।

# रूपईडीहा पुलिस द्वारा दरगाह थाना क्षेत्र के मेडिकल एजेंसी पर बड़ा छापा, नशीली दवाओं की अब तक की सबसे बड़ी खेप बरामद

**67 पेटियों में 8341 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप और कैप्सूल बरामद**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। जनपद बहराइच के रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत द्वारा नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप और कैप्सूल बरामद किए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से न केवल रूपईडीहा बल्कि आसपास के जिलों में सक्रिय नशीली दवाओं के कारोबारियों में भी हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने नशीली दवाओं के कारोबारियों पर बड़ा प्रहार करते हुए रूपईडीहा पुलिस और औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। ज्ञात हो कि अभियुक्त आदित्य कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था, जिसके कब्जे से 2349 बोतल नशीली कफ सिरप, 12,145 कैप्सूल तथा अन्य नशीली दवाएं बरामद हुईं थी। उसी आरोपी से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने दूसरे थाना क्षेत्र में स्थित एक मेडिकल एजेंसी पर छापा मारा।

छापेमारी के दौरान दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र स्थित शिवांश मेडिकल एजेंसी के एक अवैध गोदाम पर छापा मारकर कुल 8341 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की गई। बरामद दवाओं में विभिन्न कंपनियों की कफ सिरप की हजारों शीशियां शामिल हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में नशीले कैप्सूल तथा बरामदगी में प्रयुक्त कार वढ32ढए4438 को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मामले में एक आरोपी अजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में हुई यह कार्रवाई कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है। थाना रूपईडीहा के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में नशीली दवाओं की बरामदगी हुई है। इतना ही नहीं, पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर दूसरे थाना क्षेत्र में छापेमारी कर और भी बड़ी खेप का खुलासा किया, जो पुलिस की सक्रियता, ईमानदारी और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कार्रवाई ने नशीली दवाओं के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच भय का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस की इस बड़ी सफलता को क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ एक निर्णायक कदम माना जा रहा है।

इस अभियान में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के साथ उपनिरीक्षक राहुल सरोज, उपनिरीक्षक पद्मनाथ सिंह सहित रूपईडीहा थाने के कई पुलिसकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यवाही से रूपईडीहा की जनता में आशा जागी है कि अब रूपईडीहा में स्मैक के खिलाफ भी ऐसे ही कार्यवाही कर स्मैक कारोबारियों की भी कमर तोड़ दी जाएगी और रूपईडीहा पूरी तरह से नशा मुक्त होगा।

# प्रेमी को बुलाने की जिद में टावर पर चढ़ी किशोरी

**ऊपर से जी वर्ल्ड लिखी अंगूठी फेकी, प्रशासन ने नीचे बिछाया एयर बैग व गद्दा**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, बाजारशुकुल थाना क्षेत्र में सुबह प्रेम प्रसंग के चलते एक किशोरी गांव के बाहर लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। करीब चार घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने उसके प्रेमी किशोर को मौके पर बुलाया, जिसके बाद दोनों सुरक्षित नीचे उतर आए। ग्रामीणों के अनुसार, सुबह करीब चार बजे किशोरी टावर पर चढ़ी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और मुसाफिरखाना से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और ग्रामीण लगातार उसे समझाकर नीचे उतारने का प्रयास करते रहे, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जब कुछ लोगों ने टावर पर चढ़कर उसे उतारने की कोशिश की, तो उसने छलांग लगाने की चेतावनी दी। इसके बाद कोई उसके पास जाने का साहस नहीं कर सका। इसी दौरान उसने टावर से एक अंगूठी नीचे फेंकी, जिस पर अंग्रेजी का 'जी' अक्षर अंकित था।पूछने पर किशोरी ने बताया कि वह एक किशोर से प्रेम करती है, लेकिन परिजन उनके रिश्ते का विरोध कर रहे हैं। उसने साफ कहा कि जब तक उसका प्रेमी मौके पर नहीं आएगा, वह नीचे नहीं उतरेगी, अन्यथा जान दे देगी।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड ने टावर के नीचे एयर बैग, टेंट, रजाई और गद्दों की व्यवस्था की, ताकि किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। काफी देर तक समझाने के बाद भी जब किशोरी नहीं मानी, तो पुलिस ने संबंधित किशोर को मौके पर बुलाया। किशोर टावर पर चढ़ा और दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई। इसके बाद दोनों सुरक्षित नीचे उतर आए, जिससे करीब चार घंटे से चल रहा घटनाक्रम समाप्त हुआ। घटना के दौरान सीओ अतुल सिंह सहित ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुटी रही। एसओ विवेक वर्मा ने बताया कि दोनों के परिजनों को बुलाया गया है और उनसे बातचीत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**कलेक्ट्रेट पर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारे लगाए, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़, किसानों की समस्याओं, खाद की कमी और बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसीएम द्वितीय दिग्विजय सिंह को सौंपा।

**पूर्व विधायक विवेक बंसल बोले- किसान और मजदूर परेशान**

पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया गया था, लेकिन आज किसान और मजदूर आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। उनका कहना था कि बढ़ती महंगाई और खाद की कमी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद नहीं मिल रही है। कई किसानों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है। इसके साथ ही बिजली कटौती से भी खेती का काम प्रभावित हो रहा है।

**खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग**

कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में मांग की कि सहकारी समितियों और बाजारों में खाद एवं प्रमाणित बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही खाद-बीज की कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की। ज्ञापन में किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति देने और सरकारी स्कूलों में खाली पदों पर जल्द नियुक्ति कर शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी उठाई गई। गुटबाजी के सवाल पर दिया जवाबभाजपा प्रवक्ता के कांग्रेस में गुटबाजी संबंधी बयान पर विवेक बंसल ने कहा कि पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उन्हें आपसी बातचीत से सुलझा लिया जाता है।

# अगस्त से राशन वितरण ठप करने की चेतावनी दी

**सुल्तानपुर में कम कमीशन के विरोध में सड़क पर उतरे कोटेदार**

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के उचित दर विक्रेता (कोटेदार) अपनी आर्थिक तंगहाली और कम लाभांश को लेकर सरकार के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा है, जिसमें मांगों को जल्द पूरा करने की गुहार लगाई गई है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो अगस्त 2026 से प्रदेश के 80 हजार कोटेदार खाद्यान्न वितरण का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।एसोसिएशन का कहना है कि उत्तर प्रदेश में राशन वितरण करने वाले कोटेदारों को प्रति क्विंटल केवल 90 का लाभांश मिलता है। यह राशि जीवन निर्वाह और परिवार के भरण-पोषण के लिए बेहद कम है। एसोसिएशन ने अन्य राज्यों में मिलने वाले लाभांश का हवाला दिया है, जैसे हरियाणा और दिल्ली में 200 प्रति क्विंटल, गोवा में 230 प्रति क्विंटल, जबकि गुजरात में 20,000 प्रति माह की न्यूनतम आय गारंटी है।कोटेदारों ने बढ़ती महंगाई के कारण राशन विक्रेताओं में भारी आक्रोश व्यक्त किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के सभी 80 हजार कोटेदार अगस्त के खाद्यान्न वितरण का पूरी तरह बहिष्कार करेंगे। इस दौरान कोटेदार वितरण संबंधी सभी सरकारी कार्यों से खुद को अलग रखेंगे। हड़ताल के कारण आम जनता को होने वाली किसी भी असुविधा की पूरी जिम्मेदारी राशन विभाग और शासन की होगी, इसमें कोटेदार या एसोसिएशन जिम्मेदार नहीं होंगे। इस मांग पत्र को सौंपने और आंदोलन की रणनीति तैयार करने में सुल्तानपुर के स्थानीय पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद लूट का आरोपी गिरफ्तार

**1 बाल अपचारी भी संरक्षण में, लूटा गया सोने का लॉकेट; तमंचा और बाइक बरामद**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़, जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और लूट के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक आरोपी अंकित जोशी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी संरक्षण में लिया है। पुलिस के अनुसार, महेशगंज पुलिस और स्वाट टीम गंगा एक्सप्रेसवे के निकट सर्विस रोड स्थित आईटीडी प्लांट के आगे संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। आरोप है कि बाइक सवार अंकित जोशी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। इसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिससे अंकित जोशी के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल, प्रतापगढ़ भेजा गया।मौके से अंकित जोशी के साथ मौजूद एक बाल अपचारी (अरमान) को भी पुलिस संरक्षण में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हाल ही में हुई लूट की घटना में छीना गया सोने का लॉकेट, एक अवैध तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकित जोशी पुत्र मुक्तिलाल जोशी, निवासी ग्राम वासुपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# साले ने 4 गोली मारकर जीजा की हत्या की

**10 महीने पहले इंटरकास्ट मैरिज की; पत्नी गर्भवती, बोली- भाइयों का एनकाउंटर हो**

अमन लेखनी समाचार



राजू सिंह
मृतक

प्रतापगढ़, इंटरकास्ट मैरिज से नाराज साले ने जीजा की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात रात साढ़े 9 बजे की है। हमला उस वक्त किया गया, जब जीजा बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में उसे घेर लिया और ताबड़तोड़ 4 गोलियां मारीं। इसमें जीजा की मौके पर ही मौत हो गई। राजू सिंह (29) ने करीब 10 महीने पहले (11 अगस्त, 2025) गांव में ही रहने वाली पटेल समाज की खुशबू वर्मा (26) से शादी की थी। लड़का ठाकुर समाज से था, इसलिए खुशबू के घर वाले शादी के लिए तैयार नहीं थे। राजू की पत्नी खुशबू गर्भवती है। 15 दिन बाद 15 जुलाई को डॉक्टर ने डिलिवरी डेट दी है। पति की हत्या के बाद खुशबू ने कहा कि आरोपियों का एनकाउंटर हो। वारदात जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर जेठवारा थाना क्षेत्र के खटवारा गांव की है।राजू के भाई रवि ने 7 हमलावरों के खिलाफ हत्या की कराई है। इसमें 4 नामजद और 3 अज्ञात हैं। इसमें खुशबू के दो सगे भाई पिंटू और जितेंद्र वर्मा के नाम भी शामिल हैं। वारदात के बाद आरोपियों के घर पर ताला लगा है। सभी फरार हैं। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात की गई है।एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के आदेश दिए गए हैं। पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं राजू सिंह बाइक से घर जा रहा था, तभी उस पर हमला किया गया। उसे बाइक से उतरने तक का मौका नहीं मिलाराजू सिंह बाइक से घर जा रहा था, तभी उस पर हमला किया गया। उसे बाइक से उतरने तक का मौका नहीं मिला।पुलिस ने एक आरोपी अरुण वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में अरुण ने बताया कि राजू ने मेरी चचेरी बहन से लव मैरिज कर ली थी। जिससे मैं और बहन के घरवाले नाराज थे। इसी रंजिश में मैंने अन्य लोगों के साथ मिलकर राजू की हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया।

## संक्षेप

### पंचायत सचिवों का धरना प्रदर्शन

**प्रतिकूल प्रविष्टि और वेतन रोकने के विरोध में सचिवों ने किया प्रदर्शन**

बागपत,मंगलवार को पंचायत सचिवों का डीपीआरओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन जारी है। सचिवों ने प्रतिकूल प्रविष्टि रद्द करने और तीन महीने का रुका हुआ वेतन जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।सचिव कृष्ण कुमार तोमर ने बताया कि एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के दौरान अधिकारियों ने सभी सचिवों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने की सूचना दी। तोमर के अनुसार, यह नियमों के विरुद्ध है क्योंकि प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने से पहले न तो कोई जवाब मांगा गया और न ही कोई नोटिस दिया गया। उन्होंने इसे असंवैधानिक बताया।प्रतिकूल प्रविष्टि नियमों के खिलाफ दी गईसचिवों ने आरोप लगाया कि 30 मई को स्थानांतरण आदेश जारी किए गए थे, लेकिन अधिकारियों ने 18 जून तक यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्हें किस स्थान पर और किस ग्राम पंचायत में कार्य करना है। 18 जून को नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद, सभी सचिव 21 जून तक अपने नए स्थानों पर पहुंचे और कार्यभार संभाला।इसके बावजूद, 29 जून को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी कर दी गई।सचिवों का आरोप है कि प्रतिकूल प्रविष्टि नियमों के खिलाफ दी गई है। उन्होंने मांग की है कि इस आदेश को तत्काल वापस लिया जाए और जिन सचिवों का वेतन रुका हुआ है, उसे तुरंत जारी किया जाए।सचिवों ने स्पष्ट किया है कि जब तक ये दोनों मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं होगा।

### कोतवाली से 100 मीटर दूर लाखों के जेवर लूटे

**2 बदमाश ग्राहक बनकर दुकान में आए, खरीदने के बहाने लेकर भागे**

बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र में भूप ज्वेलर्स की दुकान से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लूटकर दो बदमाश फरार हो गए। यह घटना कोतवाली से मात्र 100 मीटर की दूरी पर मंगलवार दोपहर हुई।दुकान संचालक भरत भूषण ने बताया कि मंगलवार सुबह दो बदमाश बाइक पर उनकी दुकान पर आए। उन्होंने कुछ आभूषण देखे और शाम को खरीदने की बात कहकर चले गए। दोपहर करीब 3 बजे वे दोबारा दुकान पर पहुंचे, उनके हाथ में कोल्ड ड्रिंक की बोतल थी।बदमाशों ने पहले व्यापारी को कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए कहा, लेकिन व्यापारी ने मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने सोने के कुंडल और चांदी के आभूषण दिखाने को कहा।जैसे ही भरत भूषण ने आभूषण टेबल पर रखे, दोनों बदमाश उन्हें लेकर बाइक पर फरार हो गए।व्यापारी ने शोर मचाया, लेकिन तब तक वे जा चुके थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार बदमाशों की तलाश कर रही है।व्यापारी संजय रुहेला ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों की सुरक्षा की बात करती है, लेकिन दिनदहाड़े ऐसी घटनाओं से व्यापारियों में रोष है।उन्होंने मामले का जल्द खुलासा कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## शिक्षा विभाग ने प्रार्थना सभा ज्ञानोदय पोस्टर का किया विमोचन

**बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत जनपद के वरिष्ठ शिक्षक रहे मौजूद**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। शिक्षा जगत को निरंतर बढ़ावा दे रहे बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद से एक नई मुहिम चलाई गई जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अंतर्गत प्रार्थना सभा ज्ञानोदय पोस्टर का विमोचन किया गया कार्यक्रम में उपस्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्य द्वारा इस अद्भुत ज्ञान से ओतप्रोत पोस्टर का विमोचन किया गया बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विमोचन करते हुए बताया कि इस पोस्टर से परिषदीय विद्यालयों की प्रार्थना सभा और अधिक प्रभावी होगी पोस्टर अंतर्गत नियमित प्रार्थना सभा के साथ-साथ अन्य सामान्य ज्ञान प्रतिदिन के सुविचार विशेष दिवस जनपद की स्थापना तथा जनपद का इतिहास तथा प्रतिदिन के प्रश्न उत्तर इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदु शिक्षा विभाग को और मजबूती प्रदान करेंगे उन्होंने बताया कि जनपद के शिक्षाविद् विशेषज्ञों द्वारा संगठित किए गए इस महत्वपूर्ण पोस्टर में तार्किक चिंतन प्रेरक तत्व तथा जिज्ञासा दैनिक उपयोग के अंग्रेजी शब्द समेत बहुत सारी महत्वपूर्ण जानकारियां समाहित की गई हैं नव निहालों को इस पोस्टर के माध्यम से सुव्यवस्थित तथा सुसंगठित जानकारियां निरंतर प्राप्त होती रहेगी बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विमोचन के पश्चात निर्देशित किया कि इस पोस्टर का उपयोग जनपद के सभी परिषदीय विद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में नियमित रूप से प्रार्थना सभा के दौरान कराई जाए तथा समय-समय पर इसकी प्रभावी निगरानी एवं अनुश्रवण भी सुनिश्चित किया जाए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस पोस्टर निर्माण पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाले एस आर जी राधेश्याम दीक्षित जयचंद्र पाण्डेय एवं अंबिका मिश्रा विपिन त्रिपाठी हनुमंत प्रताप सिंह आशीष कुमार आनंद मिश्रा तथा पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला आदि को हार्दिक शुभकामनाएं दी इस मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ डीसी प्रशिक्षण अशोक त्रिपाठी समेत सभी शिक्षक गणों ने पोस्टर विमोचन करते हुए प्रसन्नता जाहिर की

## गृह कलह से आहत युवक ने खाया जहरीला पदार्थ हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा अमौली निवासी अनूप कुमार और पप्पू उम्र 45 पुत्र स्व विश्वेश्वर ने गृह कलह से ऊबकर जहरीला पदार्थ खा लिया जानकारी मिलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया गंभीर हालत में कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई मृतक के भाई सिद्धनाथ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कस्बा चौकी इंचार्ज अविनाश मिश्रा ने बताया कि सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के पश्चात विधिक कार्रवाई की जाएगी

## मायके से पत्नी नहीं आई वापस तो विकलांग पति ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के ललौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अढावल के मजरे गांव पथरी निवासी 35 वर्षीय विकलांग युवक अमित पुत्र राम आसरे ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार अमित निषाद दिव्यांग था जो मजदूरी करते हुए अपनी पत्नी अनीता समेत तीन बच्चे क्रमशः 7 वर्षीय बेटी मानसी 5 वर्षीय बेटा आयुष तथा 2 वर्षीय बेटा अभिषेक का जीवन यापन करता था



मृतक की पत्नी एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने अपने मायके गई थी जहां से वापस आने के लिए मृतक बार-बार पत्नी से कह रहा था परंतु बार-बार कहने के बाद भी पत्नी वापस नहीं लौटी जिससे आहत होकर दिव्यांग अमित निषाद ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह होने पर जैसे ही परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया वहीं आनन फानन ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर रवाना किया वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी अभी जांच प्रारंभ है

## क्षेत्रीय अध्यक्ष के आगमन पर जनपद में उमड़ा जन सैलाब

**फतेहपुर छिवली नदी बॉर्डर से गूंजने लगे जय श्री राम के जयकारे**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। वर्तमान सरकार भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनोनीत क्षेत्रीय कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष रामकिशोर साहू का जनपद फतेहपुर में प्रथम आगमन हुआ आगमन की सूचना सुनते ही पार्टी के कार्यकताओं का भारी जन सैलाब जनपद के बॉर्डर छिवली नदी पर पहुंच गया क्षेत्रीय अध्यक्ष के पहुंचते ही जनपद के जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय जहानाबाद विधानसभा के वर्तमान विधायक राजेंद्र पटेल आदि की अगुवाई में भारी संख्या में पहुंचे समर्थकों ने माल्यार्पण करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया वही स्वागत श्रृंखला के साथ-साथ जय श्री राम भारत माता की जय आदि जयकारे गुंजायमान होते रहे इसके पश्चात काफिला चौडगरा कस्बा पहुंचा जहां पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र सिंह की अगुवाई में कार्यकताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष को माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया वहीं क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए सादर आभार व्यक्त किया अपने संबोधन में क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता तथा समर्थकों को एकजुट होकर कार्य करना होगा मिली



जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय अध्यक्ष संगठन द्वारा निश्चित किए गए प्रवास पर चल रहे हैं इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के भारी संख्या में कार्यकर्ता समर्थक तथा क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे

## भाई ने बहन को गला दबाकर मार डाला

**अकेले ही चौकी पहुंचा, पुलिसवालों से बोला- नाक कटवा दी थी, इसलिए हत्या कर दी**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ में शाम करीब 4 बजे 16 वर्षीय भाई दिलशाद ने अपनी 17 वर्षीय बहन इलमा की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद वह अकेले चलकर 500 मीटर दूर करीब 4.30 बजे फतेहउल्लापुर पुलिस चौकी पहुंचा। उसने पुलिसवालों से कहा कि मैंने अपनी बहन की हत्या कर दी है।वह 6 महीने से अपनी ससुराल नहीं जा रही थी। पड़ोस में रहने वाले एक युवक से उसका अफेयर चल रहा था। इससे समाज में हमारे परिवार की बेइज्जती हो रही थी। सुबह करीब 6 बजे वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ भाग गई। इस कारण से गांव के लोग ताने मार रहे थे। उसकी वजह से समाज में हमारी नाक कट गई। बिरादरी के लोग तंज कसते थे। सुबह 9 बजे वह घर लौटी। फिर शाम को मैंने उसे मार डाला। इसके बाद पुलिस उसके घर पहुंची। देखा घर के अंदर कमरे में उसकी बहन का शव पड़ा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना लोहियानगर थाना क्षेत्र के रसूलनगर गांव की है।



### 2 साल पहले किशोरी का हुआ था निकाह

पुलिस के अनुसार, करीब 2 साल पहले किशोरी इलमा को उसके घरवालों ने लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के समर गार्डन के रहने वाले एक लड़के के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लियाा था। इसके बाद गांव में पंचायत हुई थी। तब यह तय हुआ था कि अगर लड़का किशोरी से निकाह कर लेगा तो पुलिस से शिकायत नहीं करेंगे। लड़का पक्ष ने पंचायत में इस फैसले पर हामी भर दी। इसके बाद किशोरी का उसी लड़के के साथ निकाह कर दिया गया।करीब 6 महीने पहले वह मायके आई थी। यहां पड़ोसी युवक से उसका अफेयर हो गया। किशोरी घर से अपने बॉयफ्रेंड के साथ भाग गई।

### 6 माह से मायके में रह रही थी

सुबह करीब 9 बजे घर लौटी। घरवालों ने जब किशोरी से कहा कि वह अपनी ससुराल चली जाए। मगर उसने इनकार कर दिया। उसने कहा कि मैं अब कभी ससुराल नहीं जाऊंगी। शाम करीब 4 बजे उसके भाई ने उसे घर के एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।इसके बाद वह पुलिस चौकी पहुंच गया। उसने पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी।

## ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर बिक रहे थे नकली तार

**मेरठ में 12 लाख से ज्यादा का माल जब्त, 5 कंपनियों के 351 बंडल मिले**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, सुबह ब्रांडेड कंपनियों के नाम से पैक किए गए नकली बिजली के तार पकड़े गए हैं। मुंबई की एक प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी की शिकायत पर टीपीनगर पुलिस ने कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान 351 बंडल मिले। जांच में सभी तार नकली मिले।इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कॉपीराइट एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। बरामद माल की कीमत 12 लाख रुपए से ज्यादा बताई गई है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान सरधना के खेड़ा गांव निवासी मोहित शर्मा के रूप में बताई।

### मुंबई की एजेंसी ने की शिकायत

मुंबई की आईपी इन्वेस्टिगेशन एंड डिटेक्टिव सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के फील्ड मैनेजर ललित कुमार ने बताया कि उनकी एजेंसी पैनासोनिक, वी-गार्ड, पॉलीकैब, क्रॉम्पटन, गोल्ड मेडल समेत कई बड़ी इलेक्ट्रिकल कंपनियों के नकली उत्पादों की जांच करती है। सूचना मिली थी कि मेरठ में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली बिजली के तार सप्लाई किए जा रहे हैं। इसके बाद एजेंसी ने जांच शुरू की और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस और एजेंसी की टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में छापेमारी की। यहां एक युवक बिजली के तारों के बंडलों के साथ मिला। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया।पांच बोरों में मिला नकली मालपूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सरधना के खेड़ा गांव निवासी मोहित शर्मा बताया। उसके पास से पांच बोरे बरामद हुए। जब उनकी जांच की गई तो सभी में रखे बिजली के तार नकली निकले।

## युवक को गोली मारी, हालत गंभीर

**छात्र आईसीयू में भर्ती, पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



लोनी, बॉर्डर थाना क्षेत्र की उत्तरांचल विहार कॉलोनी में रात 21 वर्षीय युवक रितिक को तीन अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे तत्काल दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज आईसीयू में चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, उत्तरांचल विहार कॉलोनी निवासी रितिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। उसके पिता सुनील कुमार दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में कार्यरत हैं।घटना रात करीब साढ़े 10 बजे की है, जब रितिक अपनी बहन को मेट्रो स्टेशन से घर छोड़कर कुछ दूरी पर अपने दोस्तों से बात कर रहा था। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन अज्ञात युवक मौके पर पहुंचे और बिना किसी पूर्व विवाद के रितिक पर गोली चला दी। एक गोली उसके सीने में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। रितिक के दोस्तों ने उसे तत्काल गुरु तेग बहादुर अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। चिकित्सकों ने उसे आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।घटना की सूचना मिलते ही लोनी बॉर्डर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। चौकी प्रभारी हरिओम ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा और हमले के पीछे के कारणों की भी जांच की जा रही है।

## घूस को अनार कहने वाला दरोगा गिरफ्तार

**बोला- 2 किलो देना; मुकदमे से नाम हटाने के लिए 20 हजार मांगे**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, दोपहर करीब 2 बजे एक दरोगा को 20 हजार रुपए की घूस लेते गिरफ्तार किया गया। दरोगा प्रकाश चंद्र ने इन्वेस्टिगेशन के नाम पर रिश्वत मांगी थी। दरोगा ने कोडवर्ड में कहा- 2 किलो अनार लाना। पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से कर दी। इसके बाद टीम ने दरोगा को रंगे हाथ पकड़ने के लिए पीड़ित से फोन करवाया। उसने दरोगा से कहा- अनार लेकर आया हूं।इस पर दरोगा ने कहा- पुलिस लाइन के गेट नंबर- 3 के पास आ जाओ। वहां दरोगा गाड़ी के पास खड़ा था।अंदर जाकर युवक ने दरोगा को जैसे ही 20 हजार रुपए पकड़ाए, एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद दरोगा को सिविल लाइंस थाने लाया गया। यहां उससे पूछताछ की गई। मुजफ्फरनगर के शामली स्थित गांव घटायन में संगीता परिवार के साथ रहती हैं। कुछ महीने पहले संगीता ने पैसों की तंगी के चलते अपनी एक जमीन का सौदा गंगानगर के रहने वाले अपने रिश्तेदार नमन चौधरी से किया। नमन ने एक महीने में रजिस्ट्री कराने की बात कही। लेकिन, एक महीने में वह रुपए की व्यवस्था नहीं कर पाया। दबाव बना तो उसने सौदा कैंसिल कर दिया और अपना एडवांस का पैसा मांगने लगा।

### पैसा नहीं मिलने पर दी मुकदमे की धमकी

संगीता की तरफ से उत्तराखंड के लिब्बाहेड़ी में रहने वाले उनके भांजे दीपक ने नमन चौधरी से बात करने की कोशिश की। लेकिन, नमन ने कुछ भी मानने से मना कर दिया। वह पैसे लौटाने का दबाव बनाने लगा। कई बार वह धमकी भी दे गया। संगीता ने नमन से कहा कि उन्होंने जमीन का सौदा इसलिए किया था, क्योंकि उन्हें उधारी चुकानी थी। फिर भी नमन नहीं माना। नमन चौधरी का दबाव बढ़ता जा रहा था। इस पर संगीता ने गांव के लोगों की मदद से पंचायत बुलाई। इसमें तय कर दिया गया कि जब संगीता की जमीन बिक जाएगी, तब नमन चौधरी से एडवांस के रूप में लिया गया पैसा लौटा दिया जाएगा। नमन ने भी पंचायत के सामने उस बात को मान लिया और मामला शांत हो गया।

### दबिश पड़ी, तो मुकदमे का पता चला

पंचायत होने के बाद सब कुछ शांत हो चुका था, लेकिन नमन शांत नहीं बैठा। उसने मुकदमा दर्ज करा दिया। इसके बाद 31 मई, 2026 की सुबह करीब 5 बजे गंगानगर थाने में तैनात दरोगा प्रकाश चंद्र पुलिस लेकर संगीता के मुजफ्फरनगर स्थित घर पहुंचा। पूछने पर खुलासा हुआ कि नमन ने पवन कुमार, संगीता और संगीता के बेटे नवनीत के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।दरोगा बोला- सच लिखने को पैसे लगेंगेमुकदमे में पापा पवन कुमार का नाम आने के बाद दीपक ने गंगानगर थाने जाकर दरोगा प्रकाश चंद्र से मुलाकात की।

## कमिश्नरेट में 13 इंस्पेक्टरों के तबादले

**सूरजपुर और कासना समेत कई थानों के प्रभारी बदले, संजय कुमार को थाना सूरजपुर भेजा गया**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में प्रशासनिक जरूरतों और जनहित को देखते हुए 13 निरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। जारी आदेश के तहत कई थानों के प्रभारी बदले गए हैं, जबकि कुछ अधिकारियों को अलग-अलग शाखाओं और सेल में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।सूरजपुर और जेवर थाने में नए प्रभारीनिरीक्षक संजय कुमार को थाना जेवर से हटाकर प्रभारी निरीक्षक थाना सूरजपुर बनाया गया है। वहीं अजय कुमार सिंह को थाना इकोटेक-3 से थाना जेवर का प्रभारी बनाया गया है। विनोद कुमार चाहर को थाना सूरजपुर से स्थानांतरित कर थाना नॉलेज पार्क की जिम्मेदारी दी गई है। एएचटी और साइबर क्राइम में भी बदलाव सर्वेश चंद्र को थाना नॉलेज पार्क से एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) थाना भेजा गया है। विद्यांचल तिवारी को एएचटी से थाना साइबर क्राइम भेजा गया है। रणजीत कुमार सिंह को अपराध शाखा से प्रभारी निरीक्षक थाना इकोटेक-3 बनाया गया है।फेज-1 और कासना को मिले नए प्रभारीधर्मेंद्र कुमार शुक्ल को थाना कासना से प्रभारी निरीक्षक थाना फेज-1 नियुक्त किया गया है।

## 21 किलोग्राम गांजे के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

**5 लाख कीमत, डीएनडी रोड पर सप्लाई देने आए थे**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,कमिश्नरेट पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दोपहर 12 बजे 21 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 5 लाख रुपए कीमत का गांजा और तस्करी में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की है। थाना सेक्टर-20 पुलिस और सीआरटी टीम ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से डीएनडी रोड, सेक्टर-17 के पास अभियान चलाकर आमिर खान, मनोज कुमार, प्रकाश शाह, मोहम्मद फिरोज और पप्पू कुमार को गिरफ्तार किया।उड़ीसा से गांजा लेकर सप्लाईपूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा मंगाकर दिल्ली और एनसीआर में उसकी तस्करी करते थे। इस नेटवर्क में नूरी नाम की एक महिला भी शामिल है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस पूरे गिरोह और इसके अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जजांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार




अधिकांश आरोपियों के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 18वीं मंजिल से कूदकर महिला ने दी जान

**कई दिनों से डिप्रेशन में थी, मौत के कारणों का नहीं चल पाया पता**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा,लोटस स्पेसिया सोसायटी में सुबह एक महिला ने 18वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। घटना के बाद सोसायटी में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना सेक्टर-39 थाना के सेक्टर-100 में करीब नौ बजकर 15 मिनट की है।

### सिर हाथ पैर में गंभीर चोट



पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान पारुल अग्रवाल (46) के रूप में हुई है। पारुल टावर-32 के फ्लैट नंबर-1803 में अपने परिवार के साथ रहती थी। सुबह करीब 9:15 बजे उन्होंने 18वीं मंजिल से छलांग लगा दी। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मानसिक तनाव में थी मृतका के पति पल्लव अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी पिछले काफी समय से मानसिक तनाव से गुजर रही थी। घटना की सूचना पर थाना सेक्टर-39 पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला सुसाइड का प्रतीत हो रहा है।

# दो और 25-25 हजार के इनामी बदमाश गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/ अभिषेक सिंह




कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र में 17 जून को सरार्फा व्यापारी से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लूटने के मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। स्वाट, सर्विलांस, एसओजी और थाना कासिमपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने 25-25 हजार रुपये के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण, अवैध तमंचे, कारतूस, मोबाइल फोन, नकदी तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल से जुड़े साक्ष्य बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 17 जून 2026 को सरार्फा व्यापारी मोहम्मद नसीम दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। रास्ते में दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार बदमाशों ने उन्हें रोककर सोने-चांदी के आभूषणों और मोबाइल फोन से भरा बैग लूट लिया था। घटना के बाद थाना कासिमपुर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार विशेष टीमें गठित की गई थीं। जांच के दौरान 23 जून को पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि तीन आरोपी फरार चल रहे थे। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर करलावां गौसापुल के पास शारदा नहर विभाग की पुरानी कोठी के निकट घेराबंदी की गई। इस दौरान एक आरोपी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया, जबकि 25-25 हजार रुपये के इनामी आमीन और दानिश, निवासी सआदतगंज (लखनऊ), को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 20.52 ग्राम सोने के आभूषण, 436.14 ग्राम चांदी के आभूषण, दो मोबाइल फोन, 360 रुपये नकद, मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट व चेसिस नंबर वाला लोहे का टुकड़ा, दो अवैध तमंचे और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने लूट की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक आरोपी लूटे गए आभूषणों को गलाकर बेचने की तैयारी में थे। बरामद अवैध हथियारों के संबंध में दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग मुकदमे भी दर्ज किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की तलाश जारी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

# पत्रकार के पिता से अभद्रता के आरोप में लेखपाल पर कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। गुरुवार को कस्बा गरौठा के पत्रकारों ने उपजिलाधिकारी सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपकर ग्राम खड़ौरा में तैनात लेखपाल धीरज अहिरवार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में पत्रकारों ने आरोप लगाया कि लेखपाल ने पत्रकार रिंकू यादव के पिता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सूरज सिंह यादव को कथित रूप से शराब के नशे में फोन कर अभद्र गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। पत्रकारों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए संबंधित लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर तहसील परिसर से हटाने तथा उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पत्रकारों ने उपजिलाधिकारी को चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर लेखपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र के पत्रकार धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में रामपाल सिंह यदुवंशी, शशिकांत तिवारी, मिलन सिंह परिहार, अनिल शर्मा, राजेंद्र बुंदेला, हेमन्त यादव, मुबीन खान, राजकुमार तिवारी, ओ.पी. यादव, महेंद्र रैकवार, प्रदीप शर्मा, मुन्ना यादव, संजय रिछारिया, आशीष दीक्षित, विनय कुमार शर्मा, रिंकू यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।



# 1200 मतदाताओं के मानक पर होगा मतदेय स्थलों का समानीकरण, 3 जुलाई तक पूरी होगी संशोधन प्रक्रिया

**निजी एवं अनुपयुक्त भवनों से हटेंगे मतदान केन्द्र।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदेय स्थलों के समानीकरण (रैशनलाइजेशन-2026) के संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से सभी दलों को अवगत कराया गया तथा प्रस्तावित मतदेय स्थलों पर सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की गईं। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदेय स्थलों का समानीकरण अधिकतम 1200 मतदाताओं के मानक के अनुरूप किया जा रहा है। इसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराया गया है। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जर्जर भवनों, अनुपयुक्त स्थानों तथा आवश्यकतानुसार मतदान केंद्रों में संशोधन एवं स्थान परिवर्तन की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी मतदान केंद्र को दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, निजी सामुदायिक भवन, विवाह घर अथवा किसी राजनीतिक व्यक्ति के स्वामित्व वाले भवन में संचालित नहीं किया जाएगा। ऐसे केंद्रों को उपयुक्त शासकीय अथवा सार्वजनिक भवनों में स्थानांतरित किया जाएगा। यदि कोई मतदान केंद्र निजी भवन में संचालित है और निकट में शासकीय भवन उपलब्ध है तो उसे भी स्थानांतरित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि यदि किसी मतदान केंद्र के संबंध में कोई सुझाव, संशोधन या आपत्ति हो तो उसे दो दिवस के भीतर लिखित रूप में जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराएं, ताकि जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। बैठक में यह भी बताया गया कि मतदान केंद्रों के नामों का मानकीकरण किया जाएगा तथा अभिलेखों में अंकित नाम ही स्थल पर प्रदर्शित किए जाएंगे। बैठक के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदान केंद्रों की दूरी, कम मतदाता संख्या वाले केंद्रों तथा अन्य विषयों पर अपने सुझाव रखे। जिलाधिकारी ने सभी सुझावों पर नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि भौतिक सत्यापन रिपोर्ट एवं राजस्व टीम की जांच के आधार पर आवश्यक संशोधन करते हुए 03 जुलाई, 2026 तक अंतिम रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं, जिससे मतदेय स्थलों के आलेख प्रकाशन की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जा सके। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, रामनिहोर यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, संतोष कुमार शुक्ला जिला महामंत्री भाजपा, नन्दलाल आर्य जिला मंत्री सीपीआई एम, डा0 ओम प्रकाश मौर्य प्रभारी बसपा, अमर कुमार मौर्य जिला महासचिव बसपा, रमेश गौतम जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी, अनवर अली अंसारी सूचना प्रभारी आम आदमी पार्टी, जगरूप सिंह पटेल सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

खास समाचार

## महिलाओं को नए कानूनों व साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज : महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत बुधवार को थाना घुघली पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। मिशन शक्ति टीम, एंटी रोमियो टीम और साइबर टीम ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें नए कानूनों, महिला अधिकारों और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बाल विवाह, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। साइबर टीम ने बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड को देखते हुए छात्राओं और महिलाओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, फर्जी कॉल और लिंक से सतर्क रहने तथा किसी भी स्थिति में ओटीपी साझा न करने की सलाह दी। पुलिस ने कहा कि साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएंजागरूकता अभियान में महिला उपनिरीक्षक खुशबू और महिला आरक्षी निशा ने महिलाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निचलौल पुलिस अलर्ट: थाना निचलौल द्वारा क्षेत्र के विभिन्न बैंकों व वित्तीय संस्थानों में की गई सघन चेकिंग

अमन लेखनी समाचार

पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में जनपद में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, बैंक परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा बैंक उपभोक्ताओं में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु आज थाना निचलौल पुलिस द्वारा विशेष बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत थाना प्रभारी निचलौल के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित विभिन्न सरकारी, अर्द्धसरकारी व निजी बैंकों तथा ए.टी.एम. की सघन चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने बैंकों में लगे सीसीटीवी (उउळश) कैमरों, सायरन और अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता को परखा। बैंक प्रबंधकों को कैमरों के बैकअप और सायरन को हमेशा चालू स्थिति में रखने के निर्देश दिए गए। बैंक परिसर और उसके आस-पास बिना वजह खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा उनके पहचान पत्रों की जांच की गई। बैंक के बाहर खड़े वाहनों की चेकिंग की गई। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों, सुरक्षा गार्डों और वहां आए उपभोक्ताओं से संवाद किया। सुरक्षा गार्डों को मुस्तैद रहने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की स्थिति में तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## गैपुरा चौकी पर मत्स्य बीज लदा वाहन रोका, हजारों जीवित बीज मरने का खतरा

मीरजापुर । थाना विंध्याचल अंतर्गत गैपुरा पुलिस चौकी पर मत्स्य बीज ले जा रहे एक पिकअप वाहन को रोककर चौकी परिसर में खड़ा कर दिए जाने का मामला सामने आया है। मत्स्य पालकों ने आरोप लगाया है कि वाहन को अनावश्यक रूप से रोके रखने से ऑक्सीजन की कमी के कारण हजारों जीवित मछली बीज मरने का खतरा पैदा हो गया था ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, वढ63 अळ6475 संख्या वाला सफेद पिकअप वाहन हरगढ़ से लालगंज की ओर जा रहा था। विजयपुर मोड़ पर इसे रोका गया।

# मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार, दस हजार रुपये बरामद

**पूछताछ में कई वारदातों का खुलासा, फरार साथियों की तलाश में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह



कासिमपुर। कासिमपुर थाना पुलिस ने मोबाइल टावरों से बैटरी और सेल चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की रकम में से 10 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने हरदोई के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाइल टावरों से चोरी की कई घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक अवधेश सिंह यादव अपनी टीम के साथ 1 जुलाई को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी करने वाला एक संदिग्ध बकुई नहर पुलिया के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विमल कुमार द्विवेदी पुत्र कृपा शंकर द्विवेदी, निवासी ग्राम गुनौली, थाना कल्याणपुर, जनपद फतेहपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 10 हजार रुपये नकद बरामद हुए। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यह रकम मोबाइल टावरों से चोरी की गई बैटरियों और सेल को बेचने के बाद उसके हिस्से में आई थी। उसने स्वीकार किया कि अपने साथियों के साथ ग्राम पिलखनी स्थित जियो कंपनी के मोबाइल टावर से 24 बैटरियां और 24 सेल चोरी कर कानपुर नगर में करीब 60 हजार रुपये में बेच दिए थे। बिक्री के बाद उसके हिस्से में 20 हजार रुपये आए थे, जिनमें से 10 हजार रुपये खर्च हो चुके थे, जबकि शेष 10 हजार रुपये पुलिस ने बरामद कर लिए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने यह भी कबूल किया कि गिरोह ने हरदोई जनपद के मलिहामऊ, मझिला और शाहाबाद थाना क्षेत्रों में भी मोबाइल टावरों से बैटरी और सेल चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 303(2) एवं 317(2) की बढ़ोतरी कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। गुरुवार को बार एसोसिएशन गरौठा के अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपकर ग्राम खड़ौरा में तैनात लेखपाल धीरज अहिरवार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि लेखपाल धीरज अहिरवार ने वरिष्ठ अधिवक्ता सूरज सिंह यादव को कथित रूप से शराब के नशे में फोन कर अभद्र गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। अधिवक्ताओं ने इस घटना की निंदा करते हुए संबंधित लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर तहसील से हटाने तथा उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर लेखपाल के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो बार संघ गरौठा के सभी अधिवक्ता धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सेंगर, गोविन्द सिंह सेंगर, लच्छीराम, रामकिशोर वर्मा, राजेश सिंह परिहार, रामसेवक पाठक, अशोक यादव, आशीष कुमार, दीपेंद्र सिंह परिहार, विनोद खरे, अरविंद खरे, अवधेश विश्वकर्मा, अलख प्रकाश शर्मा, अनेक सिंह यादव, मानवेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# टीईटी परीक्षा 2026 को नकलविहीन कराने की तैयारी तेज

**पीएसी सभागार में प्रशासन व ऑब्जर्वर की बैठक, सुरक्षा व व्यवस्थाओं पर दिए कड़े निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। कल शिक्षक पात्रता परीक्षा (वढ ळएळ) 2026 को सकुशल, नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पीएसी सभागार में नोडल अधिकारी एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार एवं ऑब्जर्वर वी.पी. श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईपीएस/डीआईजी) की मौजूदगी में संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, केंद्र प्रबंधन और आपसी समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा 2, 3 और 4 जुलाई 2026 को आयोजित होगी। परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी–पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 12:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगी। जनपद में कुल 72,020 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिनके लिए 32 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि परीक्षा प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी की जा सके। बैठक में नोडल अधिकारी गजेंद्र कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी शुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। साथ ही, सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ऑब्जर्वर वी.पी. श्रीवास्तव ने बैठक में परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को सतर्क और जवाबदेह रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि परीक्षा से पूर्व सभी केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय बैठक पहले ही आयोजित की जा चुकी है। अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए डबल लॉक व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश के समय सघन जांच और अन्य सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें और आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

# खड़ैनी में ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत हुआ भव्य वृक्षारोपण

**मुख्य अतिथि विधायक जवाहर लाल राजपूत ने किया पौधारोपण**

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। बामौर रेंज की खड़ेनी पौधशाला में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह अभियान 1 से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वन विभाग के अधिकारियों ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई। जनसभा के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और निःशुल्क पौधों का वितरण भी किया गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का जीवन आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के नाम कम से कम एक पौधा अवश्य लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। क्षेत्रीय वनाधिकारी बामौर रेंज गरौठा जगदम्बा पाठक ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी गुरसराय राधेश्याम दिवाकर, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी हेमन्त कुमार, वन दरोगा गजेंद्र सिंह, सुखनंदन सिंह, पौधशाला प्रभारी दीपराज सिंह, रामकुमार सिंह, प्रीतम सिंह, वनरक्षक तेज प्रताप सिंह, रोहित कुमार, वन विभाग के बाबू कमलेश कुमार, वन स्टाफ मुन्नू पाठक, भगत प्रजापति, प्रिंस बुंदेला सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पगडंडी के सहारे खेत पहुंचे जिलाधिकारी, जीएनएसएस रोवर से पैमाइश अभियान का किया शुभारंभ



**मुख्यमंत्री के निर्देश पर 1 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा विशेष रोवर पैमाइश अभियान।**

**जिलाधिकारी की सादगी और जमीनी कार्यशैली की ग्रामीणों ने की सराहना।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार जनपद सोनभद्र में 1 जुलाई से 15 अगस्त, 2026 तक जीएनएसएस (ळछै) रोवर तकनीक आधारित विशेष पैमाइश अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बभनौली कला गांव में स्वयं खेत पर पहुंचकर कराया। इस दौरान वह पगडंडियों के सहारे पैदल चलकर किसान के खेत तक पहुंचे और अपनी देखरेख में आधुनिक रोवर तकनीक से पैमाइश कार्य प्रारंभ कराया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत आधुनिक तकनीक के माध्यम से खेतों, चकमार्गों एवं राजस्व अभिलेखों की सटीक एवं पारदर्शी पैमाइश सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक तहसील में गठित रोवर टीम प्रतिदिन पांच गांवों में अभियान चलाकर कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करे तथा फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं दैनिक प्रगति का नियमित अभिलेखीकरण सुनिश्चित किया जाए।

# सोनभद्र में 26 हजार से अधिक बेटियों का संवरा भविष्य

**'कन्या सुमंगला योजना' से मिल रही 25 हजार की आर्थिक उड़ान।**

**डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खातों में पहुंच रही राशि।**

**बाल विवाह पर लगी रोक और लिंगानुपात में आया सुधार।**

**जन्म से लेकर स्नातक तक छह चरणों में मिल रही मदद।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिले में बालिकाओं के सशक्तिकरण और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने के उद्देश्य से योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना लगातार सफलता के नए आयाम गढ़ रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत जनपद सोनभद्र में अब तक 26 हजार से अधिक बालिकाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। बेटियों को जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक 25,000 रुपये की कुल आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली यह योजना बाल विवाह रोकने और लिंगानुपात में सुधार लाने में भी बेहद कारगर साबित हो रही है। योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डीबीटी के माध्यम से लाभ की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा रही है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि इस योजना के तहत जिले में अभी तक कुल 26,341 बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। चालू वित्त वर्ष में भी योजना के प्रति लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है। अभी 1117 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। जिलाधिकारी बताया कि प्रदेश सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा तक आर्थिक संबल प्रदान कर उनके भविष्य को संवारने का काम कर रही है। योजना का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाना, बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करना, उनकी शिक्षा सुनिश्चित करना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का सहयोग करना है।

**छह चरणों में ऐसे मिलता है लाभ**

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत बेटियों को जन्म से लेकर स्नातक या डिप्लोमा में प्रवेश तक आयु-आधारित छह चरणों में कुल 25,000 रुपये की सहायता दी जाती है। प्रथम श्रेणी में बालिका के जन्म पर (एक वर्ष के भीतर) 5,000 रुपये मिलते हैं। इसके बाद द्वितीय श्रेणी में एक वर्ष तक के पूर्ण टीकाकरण के बाद 2,000 रुपये प्रदान किए जाते हैं। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के तहत क्रमशः कक्षा एक और कक्षा छह में प्रवेश पर 3,000-3,000 रुपये की राशि दी जाती है। पंचम श्रेणी में कक्षा नौ में दाखिले पर 5,000 रुपये मिलते हैं। अंतिम और षष्टम-श्रेणी में 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण करके स्नातक अथवा दो वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने पर बालिका को 7,000 रुपये की एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की जाती है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, योजना के तहत सबसे ज्यादा लाभ बालिका के जन्म एवं टीकाकरण के स्तर पर दिया गया है।

**लाभ लेने के लिए यह है पात्रता**

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए शासन द्वारा कुछ स्पष्ट नियम तय किए गए हैं। लाभार्थी परिवार की वार्षिक आय 3,00,000 (तीन लाख) रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही, परिवार में अधिकतम दो ही बच्चे होने चाहिए। योजना का लाभ एक परिवार की अधिकतम दो बालिकाओं को ही दिया जा सकता है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

